CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C


ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 2 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 256 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 14 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केन्द्र सरकार मनरेगा को बहाल करे और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए: खड़गे पेज 2



17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर के पास खेल टाइम्स




शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में 90 प्रतिशत घटी जहाजों की आवाजाही पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं।

### बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया

**ढाका।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कथित बयान को लेकर बांग्लादेश ने कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार को ढाका ने भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को विदेश मंत्रालय में तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर संयम बरतना जरूरी है और इस तरह की सार्वजनिक टिप्पणियां दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं।

### मुंबई में 1745 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतर्राष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है।

### ई-कॉमर्स खाद्य नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं की सेहत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के लिए एक ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर पर छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एफएसएसएआई के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के आईपीएस अधिकारी देवेश कुमार महला के पर्यवेक्षण में की गई। यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से मियाद खत्म होने और खराब खाद्य उत्पादों की बिक्री के संबंध में कई उपभोक्ता शिकायतों के बाद उठाया गया।

# होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने पर रोक नहीं: ईरान

**तेहरान/वाशिंगटन।** भारत में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है। एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है। फतहाली के मुताबिक चाबहार-जोहेदान रेलवे लाइन का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और जल्द ही रेल लाइन बिछाने का काम खत्म हो जाएगा। फतहाली ने यह भी कहा कि ईरान में रहने वाले करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तय करना सरकार की प्राथमिकता है। ईरान भारतीयों और अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है।

- कहा: 10 हजार भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता, चाबहार रेलवे लाइन का 90 प्रतिशत काम पूरा

## ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

- बचे हुए ईरानी नेता टारगेट पर, सेना ने ट्रम्प को प्लान बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है।

एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके नेता और अहम ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय कुछ नए और एडवांस हथियार इस्तेमाल करने पर भी विचार कर रहा है। इनमें 'डार्क ईगल' नाम की हाइपरसोनिक मिसाइल भी शामिल है। यह मिसाइल करीब 2,000 मील (करीब 3,200 किमी) दूर तक निशाना साध सकती है और ईरान के बचे हुए बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को टारगेट कर सकती है। इसके अलावा, बी-1बी लांसर बॉम्बर विमानों की मौजूदगी भी इलाके में बढ़ाई जा रही है।

# चुनाव हुआ खत्म

## कमर्शियल सिलेंडर ₹ 993 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है।




होटलों और रेस्त्राओं में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक ही झटके में 993 रुपये की बढ़ोतरी एक रिकॉर्ड है। स्थानीय करों को मिलाकर दिल्ली में इसकी कीमत अब 2,078.50 रुपये से बढ़कर 3,071.50 रुपये हो गई है। गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अब तक कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दाम में यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले, एक अप्रैल को 195.50 रुपये, सात मार्च को 114.50 रुपये और एक मार्च को 28 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। इसके साथ ही, दो महीने में कीमतों में कुल 1,331 रुपये की वृद्धि हुई है। घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें सात मार्च को 11 महीने बाद 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। फिलहाल दिल्ली में इसकी कीमत 913 रुपये प्रति सिलेंडर है। ईरान पर फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है और कीमतें उछाल पर हैं। सरकार ने फिलहाल राजकोषीय समायोजन के जरिये डीजल और पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी वृद्धि सीमित रखी गई है।

**होटलों में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडर की कीमत अब 2078.50 रुपये से बढ़कर 3071. 50 हुई**

### अब झेलो महंगाई की मार: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढ़ेगी और अब वही हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में एक ही दिन में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिसे उन्होंने चुनावी बिल करार दिया।

# अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के भाषण हेट स्पीच नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### दोनों भाजपा नेताओं को शीर्ष अदालत से मिली बड़ी राहत



अदालत ने कहा कि हेट स्पीच संविधान की भाईचारे की भावना के खिलाफ है और समाज की नैतिक संरचना को कमजोर करती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी माना कि मौजूदा कानून इस मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त हैं और नए कानून बनाने की जरूरत नहीं है। मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में हुए एंटी-सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए कथित भाषणों से जुड़ा था। अनुराग ठाकुर ने जहां देश के गद्दारों को वाली बात कही थी, वहीं प्रवेश वर्मा ने चेतावनी दी थी कि अगर शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका गया, तो वह आखिरकार घरों में घुसकर बलात्कार और हत्या करेंगे। जिसके बाद सीपीआई (एम) नेताओं बृंदा करात और के एम तिवारी ने आरोप लगाया था कि 27 और 28 जनवरी 2020 को अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा ने भड़काऊ भाषण दिए थे। इसके बाद उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने अगस्त 2020 में इस शिकायत को खारिज कर दिया था। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 2022 में याचिका को खारिज कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें फर्जी दस्तावेज और मानहानि से जुड़े एक मामले में अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एएस चंदूरकर की पीठ ने यह राहत कुछ शर्तों के साथ दी। अदालत ने कहा कि यदि खेड़ा की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें जमानत दी जाएगी, लेकिन उन्हें जांच में पूरा सहयोग करना होगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खेड़ा जब भी पुलिस बुलाए, उन्हें उपस्थित होना होगा और मामले से जुड़े किसी भी सबूत से छेड़छाड़ या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही, बिना अदालत की अनुमति के वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के पहले के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसमें सभी तथ्यों का सही आकलन नहीं किया गया था और कुछ निष्कर्ष गलत प्रतीत होते हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जिले की चंदौसी कोर्ट के आदेश की चुनौती याचिका पर फैसला सुनाते हुए नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने खुली अदालत में यह फैसला सुनाया है। याचिका खारिज होने के बाद अब राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज होगा और आपराधिक केस भी नहीं चलेगा। फिलहाल ऑर्डर अपलोड होने के बाद आगे की चीजें पता चलेंगी। याचिका पर बहस पूरी होने के बाद आठ अप्रैल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल कोर्ट के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सात नवम्बर 2025 को संभल की चंदौसी कोर्ट द्वारा याची की राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी याचिका खारिज हुई थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले वर्ष कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान विवादित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने भाजपा और आरएसएस के साथ-साथ 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज्य) से लड़ने की बात कही थी।

# यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा का परिणाम जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग के मुताबिक इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 93,419 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 50,795 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल 182 पदों के सापेक्ष प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 2,856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह परिणाम पूर्णत: अस्थायी (प्रोविजनल) है। आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य परीक्षा के कार्यक्रम एवं उसके लिए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं कट-ऑफ अंक अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

- 2856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया

### भारत में चीनी दूतावास ने मानसरोवर यात्रा को शुरू करने का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत में चीनी दूतावास ने वर्ष 2026 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा को भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए फिर से शुरू करने का स्वागत किया है। दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। सुश्री जिंग ने अपनी पोस्ट में लिखा कि हमें इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए खुशी हो रही है।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 650 से ज्यादा प्राचीन कलाकृतियां

## कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह से की गई बरामद

न्यूयॉर्क, वार्ता



**अमेरिका ने** भारत को करीब 1.4 करोड़ डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटाते हुए कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है।

प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। ये वस्तुएं कई तस्करी गिरोहों की जांच के बाद बरामद की गईं, जिनमें कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह भी शामिल हैं। इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया। ब्रैग ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले तस्करी गिरोह का दायरा बहुत बड़ा है। यह 650 से अधिक वस्तुओं की वापसी से स्पष्ट होता है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय, अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सतत सहयोग की सराहना भी की। गणेश प्रतिमा मप्र से लूटी: एक अन्य वस्तु नृत्य करते हुए गणेश की बलुआ पत्थर की प्रतिमा है, जिसे कपूर के सहयोगी रंजीत कंवर ने 2000 में मध्य प्रदेश के एक मंदिर से लूटा था। बुद्ध की 75 लाख डॉलर की मूर्ति: लाल बलुआ पत्थर की 'बुद्ध' प्रतिमा में बुद्ध अपना दाहिना हाथ अभय मुद्रा में उठाए खड़े हैं। इस प्रतिमा के घुटनों के नीचे के पैर टूटे हैं और सिर के पीछे का आभामंडल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। अमेरिका द्वारा लौटाई वस्तुओं में अवलोकितेश्वर की 20 लाख डॉलर की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है। शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। यह प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने 2012 में सुभाष कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

- न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया
- भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने अमेरिकी एजेंसियों को सराहा

### जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2,42,700 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सकल राजस्व संग्रह अप्रैल 2026 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2,42,702 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अप्रैल में घरेलू जीएसटी संग्रह 1,85,122 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर जीएसटी राजस्व 57,580 करोड़ रुपये रहा। इनमें क्रमश: 4.3 प्रतिशत और 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष के पहले महीने में जीएसटी के मद में सरकार ने 31,793 करोड़ रुपये का रिफंड भी दिया है जो सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार रिफंड घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2,10,909 करोड़ रुपये पर रहा। इसमें घरेलू संग्रह 0.3 फीसदी की मामूली वृद्धि के साथ 1,65,126 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर 42.9 प्रतिशत बढ़कर 45,784 करोड़ रुपये हो गई।

# मजदूर दिवस पर जोरदार प्रदर्शन

## प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक ओर जहां एक मई को पूरे देश में मजदूर दिवस मनाकर मजदूरों के उत्थान और अधिकारों की बात की गई, वहीं धामपुर में मजदूरों ने अपनी समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार किसान मजदूर यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मजदूरों ने नगर के मुख्य बाजार में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में नोएडा में फैक्ट्री मजदूरों द्वारा न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण हड़ताल की गई थी, लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को अनदेखा किया गया। आंदोलन तेज होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर मजदूरों को



गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यूनियन ने इसे मजदूरों के अधिकारों का दमन बताते हुए गिरफ्तार मजदूरों की बिना शर्त रिहाई और उन पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन में मजदूरों ने न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू करने, चार नए श्रम कानूनों को रद्द करने और मजदूरों के अधिकार बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने डिजिटल स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि इन मीटरों के कारण बिजली बिल में कई गुना वृद्धि हो रही है। पहले जहां 300-400 रुपए बिल आता था, अब वही 3-4 हजार रुपए तक पहुंच गया है। साथ ही ऑनलाइन भुगतान के बाद भी दोबारा भुगतान के मैसेज आने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यूनियन ने स्मार्ट मीटर वापस लेने, बकाया बिजली बिल माफ करने और सरकार द्वारा घोषित 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मांग की।

रसोइयों (मिड-डे मील वर्कर) की समस्याओं को भी उठाते हुए यूनियन ने कहा कि उन्हें बहुत कम मानदेय दिया जा रहा है और कई महीनों से भुगतान भी लंबित है। ऐसे में उन्हें नियमित कर न्यूनतम वेतन देने की मांग की गई। इसके साथ ही यूनियन ने मनरेगा के तहत 200 दिन काम और 600 रुपए दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने, 'विकसित भारत' योजना को रद्द करने तथा रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने और कालाबाजारी बंद करने की मांग भी रखी। अंत में यूनियन ने प्रशासन से अपनी पांच सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान सुभाष चंद, गीता, रेखा, कमला, सलमा, वकीला सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

# धामपुर में रेस्टोरेंट विवाद कब्जा और चोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट को लेकर विवाद सामने आया है। जिसमें कब्जा और चोरी के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, मामले में साजिश की आशंका भी जताई जा रही है, जिससे मामला संदिग्ध बन गया है।

शिकायतकर्ता आकाश वर्मा पुत्र अनिल निवासी मौहल्ला खातियान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसने ग्राम शेखपुरा भावरा (नगीना रोड) स्थित चौधरी रेस्टोरेंट को किराए पर लेकर संचालन शुरू किया था। आरोप है कि कुछ लोगों ने उसकी दुकान पर अवैध कब्जा कर लिया और अंदर रखा सामान व नकदी भी गायब कर दी। पीड़ित का कहना है कि उसने इस संबंध में पहले न्यायालय में वाद दायर किया था, जिसमें यथास्थिति बनाए रखने के आदेश भी मिले थे। इसके बावजूद आरोपियों द्वारा ताला तोड़कर कब्जा करने और

### साजिश की आशंका जताई

दुकान का नाम बदलने की बात कही गई है। विरोध करने पर गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर अलग-अलग चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मामला पूरी तरह स्पष्ट नहीं है और इसमें आपसी रंजिश या साजिश की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अश्वनी एवं निधि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी, जिसके बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

## एक नजर

### सत्यवीर सिंह सोनू ने किया उद्घाटन



**नहटौर।** ग्राम सदरुद्दीननगर में कपड़ा शोरूम का उद्घाटन भाकियू (टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह सोनू, जिला सचिव चौधरी जगत सिंह डबास और युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह संधू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोरुम के उद्घाटन करने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह सोनू ने शोरूम के स्वामी को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आधुनिक शोरूम खुलने से स्थानीय निवासियों को खरीदारी के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि क्षेत्र के व्यापारिक विकास को भी गति मिलेगी। इस मौके पर शोरूम के स्वामी अर्नव चौधरी व सुजीव चौधरी ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। शोरूम के संचालकों ने बताया कि यहां ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले परिधान और आधुनिक कलेक्शन किफायती दरों पर उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मपाल सिंह, आलोक डबास, अरुण डबास, सुंदर सिंह, बृजपाल सिंह, रईस अहमद, रफीक अहमद, आदित्य दहिया, नरेंद्र सैनी, आदेश कुमार, सुमित कुमार, गोलू, विवेक गुप्ता, हेमेंद्र राठी, ऋषभ देशवाल, सोनू सैनी, संजीव कुमार, केशव चौधरी, शिवनाथ सिंह और अनिल कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मजदूर हितों पर चर्चा




**नहटौर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर ई-रिक्शा यूनियन कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोडवेज बस स्टैंड के समीप स्थित इस कार्यालय में क्षेत्र के मजदूरों और ई-रिक्शा चालकों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया और मजदूर हितों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) के बैनर तले संपन्न हुआ। वक्ताओं ने समाज के निर्माण में मजदूरों के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान दौर में मजदूरों और मेहनतकश वर्ग को अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए संगठित होना आवश्यक है। उन्होंने 'मई दिवस' के ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला, इसे 'मदर्स डे' की तरह ही मजदूरों के सम्मान में विश्वभर में मनाए जाने वाला गौरवपूर्ण दिन बताया। ई-रिक्शा यूनियन कार्यालय को भाकपा के झंडों और बैनरों से सजाया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक और स्थानीय श्रमिक मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मजदूर दिवस की बधाई दी और अपने अधिकारों के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

### बौद्ध महासभा ने निकाली धम्म यात्रा



**बिजनौर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा प्रांतीय उपाध्यक्ष गुरदयाल सिंह बौद्ध की देखरेख में नगर में धम्म यात्रा बुद्ध विहार बुखारा से निकाली गई। यात्रा थाना कोतवाली, शक्ति चौक, सिविल लाइंस, मुख्य डाकघर, बुल्ला का चौराहा, रविदास नगर होते हुए बुद्ध विहार बुखारा पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में प्राथमिक अंबेडकर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि तथागत भगवान गौतम बुद्ध ने आम जनमानस को शांति और करुणा का संदेश दिया, जो मानव समाज को दिन हिंसा और घृणा को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के मार्ग पर चलने की सीख देता है। उन्होंने कहा था कि अप्प दीपो भव:, यानी अपने दीपक स्वयं बनो (अपने उद्धार के लिए खुद प्रयास करो)। इस मौके पर भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संरक्षक धन सिंह रवि, जिला अध्यक्ष तिलक राज बौद्ध, महामंत्री बिम्बसार गौतम, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जितेंद्र कुमार एड., पूर्व अध्यक्ष चंदू सिंह, अटेवा प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, अंबेडकर विद्यालय की प्रधानाचार्य रुचि रानी, अनीता, अंशु रानी, गुलशन, नरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नमन, करन सिंह, डा. नेत्रराम, कैलाश, निमेष गौतम, छोटे सिंह, हरिराज केसरी, नकुल गौतम, सुमित्रा, नंदनी, तिरथ राम, सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दावत में विवाद, पिता-पुत्री घायल



**नहटौर।** ग्राम पहाड़पुर नन्हेड़ा में दावत में एक अन्य व्यक्ति को शामिल करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिसमें एक पिता और उनकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित राजपाल सिंह ने बताया कि उनके बेटे सुभाष की शादी के उपलक्ष्य में बिरादरी की दावत का आयोजन किया गया था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने बिरादरी के एक अन्य व्यक्ति को दावत खिलाने का विरोध किया, जिससे विवाद बढ़ गया। इस मारपीट में राजपाल सिंह और उनकी बेटी अनीता को चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जनपद में मजबूत होगी सपा: रिजवान



**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के युवा सक्रिय नेता रिजवान सलमानी ने कहा कि निवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल के नेतृत्व में सपा और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सपा सर्वसमाज की पार्टी है और अखिलेश यादव सर्वसमाज के नेता है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय सपा का है। उन्होंने जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष पार्टी को बूथ स्तर से लेकर विधानसभा, तहसील व जनपद स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे।

### मजदूरों को सम्मानित किया



**बिजनौर।** आज बिजनौर वन प्रभाग में मजदूर दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रभागीय निदेशक जय सिंह कुशवाहा और क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश चंद गौतम, बिजनौर रेंज द्वारा दैनिक श्रमिकों को सम्मानित करते हुए चना, गुड़, छाता, गुलूकोज, गमछा, दवा, केप, पानी की बोतल, कैंडीज आदि का वितरण किया गया। सभी उपस्थित मजदूरों को प्रभागीय निदेशक द्वारा मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मजदूर दिवस की महत्ता को बताते हुए उक्त

# श्रमिक दिवस पर विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएम योगी द्वारा गोरखपुर से लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के माध्यम से किया गया। इस मौके पर सीएम ने श्रमिकों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा श्रमिक कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु संचालित अटल आवासीय विद्यालयों की जानकारी दी गई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। डीएम के




निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सहायक श्रमायुक्त कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा श्रम कानूनों एवं अजयानंद त्रिपाठी द्वारा श्रमिकों के अधिकारों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रीती सोम द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत मोहित पेपर मिल्स (बिजनौर) में भी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिकों एवं सेवायोजकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त मै. शाकुंबरी ऑटो मोबाइल्स प्रा. लि., बैराज रोड, बिजनौर में भी नैंसी धुन्ना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में भी गोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर लाभार्थी श्रमिकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। अंत में सहायक श्रमायुक्त कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आंधी ने तबाह किया अनाथ बच्चों का आशियाना

**अफजलगढ़।** बीती शाम आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने क्षेत्र के ग्राम नबावपुर में अनाथ परिवार के आशियाने को तबाह कर दिया। तूफान के कारण तीन अनाथ बच्चे खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्राम नबावपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह की दस साल पहले मृत्यु हो गई थी। राकेश की मौत के बाद उनकी पत्नी सुधा देवी भी अपनी दो पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़कर लापता हो गई। जिनका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। घर की बड़ी बेटी संजना अपने छोटे भाई-बहन संध्या और प्रभात का मेहनत-मजदूरी करके भरण-पोषण करती है। तीनों बच्चे गांव में ही घास-फूस से बने एक छप्परनुमा घर में रहते थे। बीती शाम आई तेज आंधी-तूफान और बारिश से इन अनाथ बच्चों का यह मकान पूरी तरह तहस-नहस हो गया। अब उनके पास रहने के लिए कोई छत नहीं बची है। पीड़ित बच्चों ने प्रशासन से प्रदा के कारण हुए नुकसान की आर्थिक भरपाई करने की मांग की है। नबावपुर के ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी और प्रशासनिक अधिकारियों से भी सहायता की गुहार लगाई जाएगी।

# मौ. कासिफ बने मुरादाबाद मंडल प्रभारी

### व्यापारी एकता परिषद का बढ़ेगा दायरा : राहुल वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद के सदस्यता अभियान को जारी रखते हुए वरिष्ठ व्यापारी नेता मौहम्मद कासिफ को व्यापारी एकता परिषद के द्वारा मुरादाबाद मंडल का मंडल प्रभारी नियुक्त किया है। मौहम्मद कासिफ पूर्व में संगठन के महत्वपूर्ण पदो पर कार्य कर चुके हैं। इनकी संगठन के प्रति कार्य को देखते हुए संगठन के द्वारा मुरादाबाद मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा की उपस्थिति में एक बैठक विदुर कुटी बुखारा रोड पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ





के जिलाध्यक्ष नईम अहमद अंसारी ने की। संचालन जिला मंत्री राजीव कुमार, नगर महामंत्री आशीष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में सर्वप्रथम इस माह 9 मई को होने वाले व्यापारी सम्मेलन पर चर्चा हुई व सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा द्वारा मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश ए क्लास गवर्नमेंट कांट्रेक्टर (ब्रदर्स बिज कंस्ट्रक्शन) फारूकी बिल्डिंग मैटेरियल प्रतिष्ठान के स्वामी मौहम्मद कासिफ को व्यापारी एकता परिषद का मंडल प्रभारी नियुक्त किया। राहुल वर्मा ने बताया कि मौहम्मद कासिफ को मुरादाबाद मंडल की जिम्मेदारी संगठन के द्वारा दी गई है। उम्मीद है कि वह इस जिम्मेदारी निष्ठा से निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर राहुल वर्मा, नईम अहमद, राजीव कुमार, मौहम्मद आबिद, आशीष गुप्ता, सचिन कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# मनरेगा की बहाली और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए केंद्र: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को फिर से शुरू करने और श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग की है।

खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है। इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा 'हायर एंड फायर' जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों



**मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया, जिससे राज्य परेशानी में आ गए**

के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है। श्री खड़गे ने शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई और कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश तथा सरकारी रिक्त पदों को न भरने से रोजगार के अवसर घटे हैं। कांग्रेस ने कामगारों के हित में पांच प्रमुख मांगें दोहराईं। इनमें मनरेगा को पुनः लागू कर शहरी क्षेत्रों तक विस्तार करना, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करना, श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य अधिकार कानून लागू करना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना तथा रोजगार में ठेकेदारी व्यवस्था पर रोक लगाने के साथ नए श्रम कोड की समीक्षा करना शामिल है।

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। श्री वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में करीब एक हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर उन करोड़ों लोगों पर पड़ेगा जो छोटे ढाबों और रेस्टोरेंट्स से भोजन पर निर्भर हैं। इसके साथ ही छोटे खाद्य व्यवसायों पर भी इसका अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की आम लोगों की परेशानियों के प्रति संवेदनशीलता केवल चुनावी समय तक सीमित रहती है, जबकि चुनाव खत्म होने के बाद जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों से जारी ईरान युद्ध के चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव की आशंका थी, ऐसे में सरकार को पहले से ठोस योजना बनाकर राहत देनी चाहिए थी। लेकिन सरकार ने सीधे तौर पर कीमतों का बोझ जनता पर डाल दिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर एलपीजी की कीमतों में राहत दे । गौरतलब है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है वहीं 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी शुक्रवार से 261 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है।

उत्तर रेलवे

सूचना संख्या: 13/2026 दिनांक :- 30.04.2026

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10_वरिष्ठ मं.वि.अभि.सा_मुरा. 2026:-वाईएनआरके में नए रनिंग रूम के निर्माण के लिए विद्युत कार्य, एडीईन/एचडब्ल्यू के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान, एडीईन/एचडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डीडीएन के अंतर्गत डोईवाला और देहरादून स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं (जैसे रैंप, हैंड रेल, पार्किंग स्थल आदि) का प्रावधान, एडीईन/आरके के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं (जैसे रैंप, हैंड रेल, पार्किंग स्थल आदि) का प्रावधान। | 5838302.79 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 116800.00 | 6 (छः) माह | निविदाएं दिनांक 22.05.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएँगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद |
| 2. | 11. वरिष्ठ मं.वि.अभि.सा._मुरा. 2026:- LRJ से RKSH के बीच विभिन स्टेशनों (LRJ, ATMO, PRI, IKK, JWP, HW, RWL, MO TC & RKSH Etc.) पर सड़कों और अन्य फर्शों के सुधार के लिए विद्युत कार्य। | 5470704.44 (जीएसटी सहित) | | 109400.00 | 6 (छः) माह | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1459/2026

# गर्म राख से चार बच्चे झुलसे

## झालू मार्ग पर फैक्ट्री संचालक ने डलवाई गर्म राख, हालत नाजुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू मार्ग के किनारे डाली गई फैक्ट्री की गर्म राख से बाग में खेलने व आंधी से टूट कर नीचे गिरे आम को चुगने गए चार मासूम बच्चे बुरी तरह झुलस गए। उन्हें गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती शाम तेज आंधी आई थी। जिसमें पेड़ों से आम टूट कर नीचे गिर गए थे। इस बीच आज दोपहर आम बटोरने और खेलने की मासूम चाहत लेकर चार बच्चे ग्राम जोधुवाला क्षेत्र में झालू रोड स्थित आम के बाग में पहुंचे थे। सड़क के किनारे किसी फैक्ट्री संचालक के द्वारा गर्म राख डलवाई गई थी। बच्चे अंदर खेत में मौजूद थे। बाग में बच्चों को देख कर अन्दर रखवाली कर रहे व्यक्ति ने उन्हें डांटा और लाठी ले कर पीछे दौड़ पड़ा। डर की वजह से मासूम बच्चे भाग खड़े हुए। लेकिन बच्चों को पता नहीं था कि सड़क के किनारे गर्म राख पड़ी हुई है। बच्चे सड़क पर जाने के लिए उस में घुस गए, लेकिन गर्म राख में पैर पड़ते ही तड़पने लगे। वह राख में ही गिर गए और संभल कर बाहर नहीं निकल पाए। राख में गिरने से वह बुरी तरह झुलस गए। पल भर में बच्चों की चीखें आसमान चीरने लगीं। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने दौड़कर बच्चों को बाहर निकाला और बिना देर किए जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचाया। घटना में उजेद (12 वर्ष), साहिल (13 वर्ष), शाद (9 वर्ष) और रिहान उर्फ ईशान गंभीर रूप से झुलस गए। डॉक्टरों के मुताबिक सभी बच्चे 30 से 50 प्रतिशत तक झुलसे हैं। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में प्रारंभिक इलाज के बाद बच्चों को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया है। सभी बच्चे मौहल्ला लड़ापुरा और चाहशीरी के निवासी हैं। चारों बच्चों के परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं।






दूसरी तरफ इस मामले में प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करते हुए दिखाई दिया। प्रशासन ने तत्काल इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और सिर्फ जांच के बाद ही कार्यवाही की बात कह कर पीछा छुड़ा लिया गया। प्रशासन की तरफ से झुलसे बच्चों के इलाज के लिए उनके परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। एसडीएम सदर रितु रानी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हाल जाना और घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने बताया कि जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। संबंधित फैक्ट्री व बाग मालिक को नोटिस जारी किया जा रहा है।

गंभीर बात यह है कि यह पहली घटना नहीं, जब गर्म राख ने इंसानी जिंदगी को झुलसाया हो। बीते वर्ष ग्राम पेदी के पास सूखे तालाब में डाली गई राख ने एक मासूम बच्ची की जान ले ली थी, जबकि उसके माता-पिता सहित चार लोग झुलस गए थे। इसके बावजूद हालात नहीं बदले, जो प्रशासनिक सख्ती पर सवाल खड़े करते हैं।

आखिरकार फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर, उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाता है। सड़क के किनारे एवं सार्वजनिक स्थल पर गर्म राख डालने की अनुमति आखिरकार कौन देता है। अगर एक मामले में फैक्ट्री संचालक के खिलाफ कार्यवाही हो जाती, तो आज यह हादसा नहीं होता।

### मौसम ने की मदद की घोषणा



**बिजनौर।** गर्म राख में चार बच्चों के झुलसने की घटना की गंभीरता को देखते हुए भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्होंने चारों परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की और बच्चों के बेहतर इलाज का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार काफी गरीब है और उनकी मदद करना इंसानियत का तकाजा है।

### चार दिन पहले भी झुलसे किसान

**बिजनौर।** चार दिन पहले इसी गर्म राख में ग्राम जलालपुर छोइया के किसान सुखबीर सिंह, उनके पुत्र सुमित समेत चार लोग झुलस गये थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं साफ संकेत देती हैं कि यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि लापरवाही की एक खतरनाक श्रृंखला है, जिसे रोकना अब बेहद जरूरी हो गया है।

### सपा के नेता मुर्गा खाने में मस्त

**बिजनौर।** सपा के नेता मुर्गा खाने में मस्त है। वह शादी समारोह में शामिल होकर रील बनाते हुए उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने में लगे हुए हैं। सपा के कोई भी नेता बच्चों व उनके परिजनों का हालचाल तक पूछने तक नहीं पहुंचा। सवाल यह उठता है कि क्या मुस्लिम सिर्फ इनके लिए वोट बैंक है। क्या वाकई यह मुस्लिमों की मदद करना चाहते है। सपा के बड़े नेताओं के खिलाफ मुस्लिम समाज में गुस्सा देखा जा रहा है। मुस्लिमों के वोटों पर अपना हक जताने वाले अन्य पार्टियों के नेता भी सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहते है।

### गत दिनों दो पक्षों में खूनी संघर्ष का मामला

## पीड़ित का आरोप: पुलिस ने की एकतरफा कार्रवाई

**भौरांकला/बुढाना।** दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठे हैं। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। ग्राम मोहम्मदपुर राय सिंह निवासी जगपाल ने बताया कि बीते 26 अप्रैल को पड़ोसी दुम्मा से उनका झगड़ा हुआ। इस दौरान उनके परिवार के 5 लोगों को गंभीर चोटें आई। बाद में लोगों ने हमारा समझौता करा दिया। बीते 29 अप्रैल को शिवम आदि लोगों ने उसके घर पर हमला बोल दिया। हमले में उसके 2 बेटों के सिर फट गए। पत्नी का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। पत्नी के सिर में पहले से 14 टांके लगे थे आरोपियों ने फिर भी सिर पर वार किया। जिसमें उसके कपड़े फट गए। बेटी ने पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची। उसका व एक बेटे का मेडिकल कराया मगर परिवार के 3 घायल बच्चों का मेडिकल नही कराया।

## आसफाबाद चमन में गैंग रेप से पीड़ित मंदबुद्धि किशोरी गर्भवती

### पुलिस ने दोनों आरोपियों को बाइज्जत पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ से सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंदबुद्धि किशोरी के साथ गैंग रेप किया गया। जब किशोरी पांच माह की गर्भवती निकली, तो इस सनसनीखेज वारदात के बारे में पता चला। लेकिन अफजलगढ़ पुलिस ने दरिंदों को सबक सिखाने की बजाए उनका बाइज्जत चालान कर दिया। पुलिस ने योगी स्टाइल में उन्हें न जाने किस वजह से सबक नहीं सिखाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने तीस अप्रैल को थाना अफजलगढ़ में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण सूरज पुत्र थम्मन सिंह एवं दीपक पुत्र सतीश निवासीगण ग्राम आसफाबाद चमन ने उसके घर में घुस कर नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 82/2026 धारा 70 (2), 333 व 351 (3) एवं 4 (2) पोक्सो अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर सूरज व दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

दूसरी तरफ बताया जाता है कि पीड़िता मंदबुद्धि है और जब उसके शरीर में परिवर्तन आया, तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। बताया जाता है कि 20 नवम्बर 2025 की यह घटना है। पीड़िता का परिवार खेत पर काम करने गया था। पीड़िता घर पर अकेली थी। इस दौरान उसके साथ गंदी हरकत की गई। गर्भवती किशोरी के पेट में दर्द होने लगा। उसे डॉक्टर को दिखाया गया। जिसमें पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। बताया जाता है कि अभियुक्त दीपक ने किशोरी को कब्जे में करते हुए उसके हाथ पकड़ लिए थे और सूरज ने उसकी इज्जत लूट ली।

### एक नजर

### हाई वोल्टेज आने से उपकरण फुंके

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला टकसाल में बंसल मेडिकल स्टोर के स्वामी योगेश बंसल के घर के मीटर में शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे अचानक आग लग गई। जिससे हड़कम्प मच गया। आग लगते ही मकान स्वामी ने रेत डाल कर आग बुझाई। मकान स्वामी ने बताया कि बीती रात तेज आंधी व तूफान के बाद लाइट गुल होने के बाद रात में लगभग 12 बजे के करीब लो व हाई वोल्टेज लाइट आई। जिससे मौहल्ले में कई परिवारों के बिजली उपकरण व बिजली के मीटर में आग लग गई। जिसके बाद तुरंत बिजली विभाग को सूचित कर बिजली लाइन बंद कराई गई। मौहल्ला टकसाल में मुकेश शर्मा, शुभम वर्मा व योगेश बंसल के मीटर में आग लगी। जबकि पंकज अग्रवाल, आलोक बूटी व पुनीत जैन के परिवारों के बिजली के उपकरण खराब हो गए।

### किरतपुर के युवक की कश्मीर में मौत



**किरतपुर।** स्थानीय मौहल्ला अफगानान निवासी इमरान (35) पुत्र मुख्तार फर्नीचर का काम करता था और करीब 13 दिन पहले रोजगार के सिलसिले में कश्मीर गया था। वहां वह अपने फुफेरे भाई अमीर हसन के साथ रह रहा था। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे इमरान अपने भाई से पंत चौक तक टहलकर आने की बात कहकर कमरे से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद बृहस्पतिवार दोपहर उसका शव पम्पोर क्षेत्र के एक पार्क में पड़ा मिला। मृतक की जेब में मिली डायरी पर दर्ज मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी पहचान हो सकी। बताया जा रहा है कि मौके से उसका मोबाइल फोन गायब था, जिससे मामला और संदिग्ध माना जा रहा है। सूचना मिलने पर पहुंची कश्मीर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों, जिनमें दो बेटियां व एक बेटा शामिल हैं, को छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। कश्मीर पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### पालिका के संविदाकर्मी पर हमला

**नहटौर।** ग्राम पाली जट निवासी राजन पुत्र अमीचंद नहटौर नगर पालिका में आउट सोर्सिंग कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। वह आज शाम करीब पांच बजे अपनी ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी ग्राम नारायणपुर के समीप उन्हें रोका गया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले राजन की बाइक की चाबी निकाल ली और गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर युवकों ने लोहे की रॉड से राजन के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।राजन की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और राहगीर मौके की ओर दौड़ पड़े। भीड़ को आता देख पांचों हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राजन को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, राजन के सिर में गहरी चोट आई है, लेकिन उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। कोतवाल ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### आंधी-तूफान से बाजार में मची भगदड़

**नजीबाबाद।** बीती शाम अचानक तेज आंधी व तूफान से पेड़ धाराशायी हो गए। बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त होने से काफी घंटों के लिए बिजली व्यवस्था ठप हो गई। आंधी-तूफान से गरीब लोगों के छप्पर व टिनशेड के घरों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे उनका सामान हवा में उड़ने से काफी नुकसान हुआ है। आंधी-तूफान आने से राजारामपुर के समीप लगने वाले जुमेरात बाजार में हड़कंप मच गया। तेज हवा से दुकानदारों के खुले मैदान में फड़ों पर लगा काफी सामान, कपड़ा आदि हवा में उड़ गया।

## पूर्व बसपा प्रत्याशी जियाउद्दीन शीघ्र करेंगे साइकिल की सवारी

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके क्षेत्र के कद्दावर नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी शीघ्र ही साइकिल की सवारी कर सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि उनकी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हो चुकी है।

गौरतलब है कि बसपा में रहे हाजी जियाउद्दीन ने सपा में शामिल होने का मन बना लिया है। उनकी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की भी चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक वह शीघ्र ही सपा में शामिल होने जा रहे हैं। शीघ्र ही कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। फिलहाल नूरपुर से राम अवतार सिंह सैनी सपा के विधायक है। उनकी पार्टी में पकड़ मजबूत है। जिसकी वजह से उनका टिकट कटने की संभावना न के बराबर है। लेकिन हाजी जियाउद्दीन के सपा में शामिल होने से पार्टी को जरूर फायदा होगा। साथ ही सत्ता परिवर्तन के बाद हाजी जियाउद्दीन अंसारी को भी इसका फायदा मिलेगा। उनके सपा में शामिल होने की चर्चाओं से समर्थकों सहित पार्टी कार्यकर्ता भी खुश है। वह बसपा की नीतियों से तंग आ चुके है।



### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की चर्चा

सूत्रों का कहना है कि विभिन्न चुनावों में जिस तरह से बसपा का प्रदर्शन रहा है और मुस्लिम नेताओं को पार्टी से बाहर निकालने का जो सिलसिला चल रहा है, उससे आम कार्यकर्ता दुखी है और बसपा में अब चंद वजूददार नेता बचे है। सभी पार्टी से किनारा कर चुके है। जनपद में बसपा अब एक वार्ड मैम्बर व प्रधान पद का चुनाव जीतने की स्थिति में भी नहीं है। बसपा अध्यक्ष मायावती से मिलाई एवं रैलियों के नाम पर होने वाला खेला ने पार्टी नेताओं की कमर तोड़ कर रख दी है। बसपा में अब नेता घुटन महसूस कर रहे हैं। चंद दिनों में ही जिलाध्यक्ष बदल दिया जाता है, क्योंकि वह टारगेट पूरा नहीं कर पाता है।

## चर्चित अनुज हत्याकांड में प्रेमिका शोभा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने बहुचर्चित अनुज हत्याकांड में उसकी प्रेमिका शोभा को गिरफ्तार किया है। शोभा के मुताबिक अनुज ब्लैकमेल करते हुए उसके जिस्म से खेलता था। साथ ही वह उसकी दस वर्ष की बेटी पर भी गलत निगाह रखते हुए उससे अपने दोस्तों का बिस्तर गर्म करने के लिए कहता था।

गौरतलब है कि नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम जुलाहपुरा के जंगल में बुधवार सुबह एक 26 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। युवक की सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। मृतक की जेब से मोबाइल बरामद हुआ था। जिससे उसकी पहचान अनुज (26) पुत्र विनय के रूप में हुई थी। मृतक की मां विमला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि ग्राम भनेड़ा (किरतपुर) निवासी शोभा ने अनुज को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा था। वह अक्सर अनुज से रुपयों की मांग करती थी। विमला का दावा है कि करीब पांच महीने पहले रुपये न देने पर शोभा ने अनुज के खिलाफ नजीबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके चलते उसे जेल जाना पड़ा था।

इस मामले में पुलिस ने ग्राम भनेड़ा (किरतपुर) निवासी शोभा पत्नी सतेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल तमंचा भी बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 69/26 धारा 103 (1) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार शोभा ने बताया कि उसकी शादी सन् 2011 में ग्राम भनेड़ा निवासी सतेन्द्र के साथ हुई थी। जिससे उसकी एक दस वर्षीय पुत्री है। सन् 2023 में वैचारिक मतभेद के कारण वह अपने पति से अलग रहने लगी थी। सन् 2024 में उसकी जान-पहचान अनुज कुमार निवासी द्वारिका दासपुरी उर्फ जुलाहापुर, नगीना देहात से हो गई थी। दोनों लिव इन रिलेशनसिप में रहने लगे थे। लेकिन अनुज उसके साथ मारपीट करने लगा था। वह आपत्तिजनक वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी भी देता था तथा उसकी बहन से छेड़छाड़ भी की थी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई थी। जिस संबंध में थाना नजीबाबाद पर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था और वह जेल गया था। जेल से आने के बाद भी वह अपने साथियों को उसके घर ला कर गलत हरकतें करता था और उससे रुपए मांगता था। मृतक अनुज अपनी प्रेमिका शोभा की दस साल की बेटी पर भी गलत निगाह रखने लगा था। वह अपने अन्य दोस्तों के साथ भी शोभा से संबंध बनाने के लिए कहता था। 28 अप्रैल की रात्रि अनुज अपनी प्रेमिका शोभा को लेकर पहले कैफे में गया और वहां बैठा रहा। रात करीब दस बजे वहां से लेकर गांव की तरफ गया। जहां पहले उसने शोभा के साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर उसके साथ मारपीट की। शोभा ने वहां पर खुद को मारना चाहा। लेकिन फिर बेटी का ख्याल दीमाग में आने पर अनुज के तमंचे से उसे ही गोली मार दी और वहां से निकल गई। लेकिन शोभा के द्वारा बताई गई यह कहानी किसी के गले नहीं उतर रही है। रात के अंधेरे में जंगल के अंदर शोभा ने अकेले ही मजबूत जिस्म के अनुज का मर्डर किया होगा, यह अपने आप में ही संदिग्ध है। शोभा के मुताबिक तमंचा अनुज का था। अनुज ने अपना तमंचा आसानी के साथ अपने मर्डर के लिए शोभा को दे दिया होगा, इस फिल्मी कहानी पर कोई भी विश्वास नहीं कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि मर्डर में शामिल किसी अन्य को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।



### बेटी पर भी गलत नजर रखता था मृतक

### आंधी से दीवार गिरने से युवक की मौत

**नजीबाबाद।** ग्राम राहतपुर में ग्राम के बाहर एक बारात घर है, वहां पास में ही करीब 35 वर्षीय फरियाद का घर है। बीती शाम जिस समय आंधी तूफान आया उस समय फरियाद बारात घर में मौजूद था। आंधी तूफान से बारात घर की टिन शेड उड़ गई तथा एक दीवार गिर गई। दीवार के नीचे फरियाद दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण घायल फरियाद को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने लगे, रास्ते में ही फरियाद की मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी व चार छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया।

साफ-सुथरी छवि के ईमानदार युवा नेता

जनाब राशिद राईन

को सपा का प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर

मुबारकबाद



निवेदकः- सपा कार्यकर्ता व समर्थक, जनपद बिजनौर

# दूध लेने गयी महिला पर हाथी ने किया हमला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भागूवाला।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर चाठा में दूध लेने गई महिला पर हाथी ने हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गयी।

महिला ब्रह्मवती (35 वर्ष) पत्नी सुरेन्द्र कुमार ग्राम रामपुर चाठा की निवासी थी। परिवार का कहना है कि आज लगभग सात बजे महिला कालू के डेरे से दूध लेने गयी थी और महिला घर नहीं आयी। जब किसान लोग अपने खेतों में काम करने जा रहे। किसानों ने महिला को मृतक अवस्था में देखा और ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही

## परिवार में मचा कोहराम

ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले हाथी द्वारा एक ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति जिसका नाम कालू है पर हमला कर दिया था इस घटना के बाद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अगर कोई ठोस कदम उठता, तो आज यह घटना नहीं होती। मौके पर पहुंचे वन दरोगा योगेश कुमार और ग्रामीणों के बीच नोकझोक भी देखने को मिली। उप प्रभागीय वन अधिकारी (एसडीओ) द्वारा फोन पर वार्ता के बाद ग्रामीणों ने महिला के शव को मौके से उठाया गया। एसडीओ द्वारा बताया गया कि जल्द ही मुवाजा दिया जाएगा और हाथी रोकथाम के उपाय भी किए जाएंगे।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है कि मामला मेरे संज्ञान में है। मौके पर पहुंचे अवधेशानंद चौकी भागू वाला प्रभारी निरिक्षक संजय यादव ने पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नगीना में गूंजा बुद्धम् शरणम् गच्छामि

## बुद्ध पूर्णिमा पर शहर बना आस्था और ऊर्जा का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर नगर कुछ अलग ही रंग में नजर आया। सड़कों पर उमड़ी भीड़, गूंजते जयघोष और भक्ति में डूबे चेहरे, हर तरफ बस एक ही स्वर सुनाई दे रहा था, 'बुद्धम् शरणम् गच्छामि' गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को जैसे आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे पहाड़ी दरवाजा से जैसे ही शोभायात्रा शुरू हुई, माहौल देखते ही बन रहा था। सबसे आगे सजे-धजे भव्य रथ पर विराजमान भगवान बुद्ध की आकर्षक प्रतिमा हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी। डीजे पर बजते धम्म गीतों और भक्ति धुनों ने माहौल को पूरी तरह भाव-विभोर कर दियाख्रलोग झूमते, गाते और श्रद्धा में डूबे नजर आए। नगर की मुख्य सड़कों और बाजारों से गुजरती यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। स्थानीय लोगों ने फूलों की बारिश कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया, जिससे पूरा शहर मानो एक चलती-फिरती भक्ति यात्रा बन गया। दोपहर करीब एक बजे शोभायात्रा स्टेशन रोड स्थित डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंची। जहां मंच से वक्ताओं ने बुद्ध के शांति और करुणा के संदेश के साथ-साथ बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के योगदान पर जोरदार प्रकाश डाला। इस आयोजन में जहां एक ओर बुजुर्गों का अनुभव दिखा, वहीं युवाओं और महिलाओं का जोश भी कम नहीं था। सफेद वस्त्रों में सजी महिलाओं की टोली, हाथों में धम्म ध्वज लिए, पूरे जोश के साथ आगे बढ़ती नजर आई। बच्चों ने भी उत्साह में कोई कमी नहीं छोड़ी, हर कदम पर ऊर्जा और उमंग साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के अंत में आयोज. कों ने साफ कहा 'बुद्ध का मार्ग ही विश्व शांति का असली रास्ता है' प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ, लेकिन शहर में गूंजती भक्ति और उत्साह की लहर देर तक महसूस की जाती रही।

## एक नजर

### मासूम बच्चे से कुकर्म का मामला

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर में 11 साल के मासूम बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता द्वारा दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने बिना समय गवाए मासूम बच्चे की काउंसलिंग की। थाने पहुंचे पीड़ित बच्चे की मां ने कहा कि पुलिसकर्मियों को देखकर बच्चा डर गया था। इसीलिए उसने ऐसे बयान दिए हैं। जबकि उसके साथ गलत काम हुआ है। पुलिस जब कार्रवाई करने के लिए जुटी, तो दोनों पक्षों ने कुछ समय कार्रवाई न करने की बात कहते हुए आपस में ही समझौता कर लेने पर सहमति जताई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समय दिया और दोनों पक्षों में समझौते के लिए बात चलने लगी। लेकिन मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगी। जिसमें पीड़ित मासूम बच्चों के पिता द्वारा आरोपित बच्चे के परिजनों और फैसला करा रहे बिचोलियों से मामले को यहीं खत्म करने के लिए दो लाख रुपए की डिमांड की जाने लगी।

### निष्ठा गुप्ता ने जीता रजत पदक




**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित फाइनल वूमेन नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में पूर्व में संपन्न हुए नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट के आधार पर बनी रैंकिंग की शीर्ष 16 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। निष्ठा गुप्ता ने सब जूनियर कंपाउंड वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में निष्ठा को महाराष्ट्र की खिलाड़ी के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा। निष्ठा ने प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में उपविजेता बनने के साथ निष्ठा ने पचास हजार रुपए की धनराशि भी जीती है। निष्ठा गुप्ता की उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। निष्ठा ने अपनी जीत का श्रेय कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया।

### गुलदार के हमले से युवक घायल

**हल्दौर।** गुलदार के हमले से एक युवक घायल हो गया। जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम मेवा नवादा निवासी नईम अपनी ससुराल ग्राम इनामपुरा में आए हुए थे। वह अपने साले मुदस्सिर की शादी में शामिल होने गोहावर गए थे। बीती देर शाम करीब सात बजे वह बाइक से वापस ससुराल लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम अम्हेड़ा-हल्दौर मार्ग पर स्थित एक ईंट भट्टे के पास घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में नईम गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर ईंट भट्टे पर काम कर रहे मजदूर लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और हल्ला मचाया। जिसके बाद गुलदार जंगल की ओर भाग निकला। घायल को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद से ग्रामीणों और राहगीरों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके।

### बुद्ध पूर्णिमा पर आश्रम में आयोजन



**हल्दौर।** नगर के संतोष विहार स्थित एक आश्रम में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुजारी भूपेंद्र सिंह ने पूजा संपन्न कराई और सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद आश्रम के बाहर से गुजर रहे राहगीरों और वाहन चालकों को शीतल शरबत, हलवा सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में डा. जसराम गौतम, मुकेश, सौरव, आकाश, हिमांशु, विशाल, मुकुल, मोनू, मुन्नू सिंह, देवेंद्र सिंह एवं वीरेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और सेवा भावना का संदेश दिया।

# चलती बाइक में घुसा सांप युवक के पैर में गड़ाए दांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक चलती बाइक में अचानक सांप उलझ गया। इससे पहले कि बाइक सवार कुछ समझ पाता, सांप ने उसके पैर पर डस लिया। गनीमत रही कि समय रहते युवक को अस्पताल पहुंचा दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी कपिल शर्मा (38 वर्ष) पुत्र रमेश आज रात करीब 7:30 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। वह जैसे ही रामलीला तिराहे के पास पहुंचे, तभी रास्ते में एक सांप उनकी चलती बाइक के पहिए और इंजन के बीच उलझ गया। कपिल कुछ समझ पाते, इससे पहले सांप ने फुंकार भरते हुए उनके पैर में काट लिया। सांप के काटने के बाद कपिल ने हिम्मत नहीं हारी और

## सड़क पर 'काल' से सामना

तुरंत फोन कर घर वालों को इसकी खबर दी। सूचना मिलते ही उनके बड़े भाई अनिल कुमार शर्मा और दोस्त नागेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए कपिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत कपिल का इलाज शुरू किया। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर इलाज मिलने के कारण अब कपिल की हालत स्थिर है और वह खतरे के घेरे से बाहर हैं। फिलहाल, इस घटना की चर्चा पूरे इलाके में की जा रही है कि कैसे सड़क पर चलते-चलते 'मौत' ने युवक का रास्ता रोका था।

# रालोद की जिला कार्यकारिणी घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही विधानसभा अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन सुनिश्चित कर संगठन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि रालोद से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए तथा पार्टी कार्यालय पर रोस्टर बनाकर पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की। संचालन चौधरी अलबेल सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, अशोक चौधरी, प्रदेश महासचिव नागेंद्र फवार, डा. नीरज चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन रवि कुमार, सरदार बलबीर सिंह, आशू राणा, चंद्रपाल वाल्मीकि, काजी तारिक अली (प्रदेश सचिव), पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मपाल सिंह, युवा प्रदेश महासचिव हनी तोमर, पूनम चौधरी, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह (प्रधान), किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पारितोष चंदेल, हरेंद्र तोमर, सबल सिंह, सुबोध कुमार, शीशपाल राठी, अनुराग मलिक, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन अमर सिंह पम्मी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सभी जाति व बिरादरी को साथ लेकर एक संतुलित व मजबूत जिला कार्यकारिणी का गठन किया है।

# बैंक का प्रथम स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (यूपीजीबी) ने अपनी सफलता का एक शानदार वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आज शाखा तैमूरपुर आवास विकास के परिसर में बैंक स्थापना की प्रथम वर्षगांठ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों, स्थानीय समाजसेवियों और कार्मिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जहां केक काटकर और मिष्ठान वितरण कर खुशियां साझा की गई।

स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए बैंक द्वारा नवारम्भ पहला कदम लक्ष्य की ओर नामक एक वृहद जन-संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, किसानों, व्यापार मंडलों आदि से सीधा संवाद स्थापित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बैंक के बढ़ते आधार को और मजबूती प्रदान करना तथा नए ग्राहकों को बैंक की विकास यात्रा से जोड़ना है।

शाखा परिसर में आयोजित एक विशेष 'ग्राहक गोष्ठी' के दौरान बैंक के शाखा प्रबंधक राजीव कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, जमा उत्पादों और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैंक प्रबंधक ने बैंक प्रगति का श्रेय ग्राहकों के भरोसे को देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। शाखा प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि बैंक ग्राहक हित सर्वोपरि के मूल मंत्र पर अडिग रहते हुए ग्रामीण और अर्ध-शहरी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाखा अधिकारी दीपक कुमार ने बैंक की एक साल की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मई 2025 को भारत सरकार की एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अस्तित्व में आया था। एकीकरण का वह दौर चुनौतियों से भरा था, लेकिन हमारे उच्च अधिकारियों, कार्मिकों साथियों के धैर्य, समर्पण और टीम भावना ने हर बाधा को पार कर लिया। आज हम गर्व से अपनी पहली वर्षगांठ मना रहे हैं।

इस गौरवशाली अवसर पर शाखा के अधिकारी दीपक कुमार सहित बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी योगेंद्र पाल सिंह, दीपक रस्तौगी, ओपी परमार, अनेक सम्मानित ग्राहक राजेश्वर प्रसाद, अनमोल राठी, श्रीकांत शर्मा, नीरज चौधरी (एड.), श्रीमती नूतन शर्मा, रवि कुमार, शाहनवाज उपस्थित रहे। सभी ने बैंक के उज्जवल भविष्य की कामना की और बैंकिंग सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### अकाउंटेंसी विषय के उत्तर पत्रक गायब

**बढ़ापुर।** नगीना के एक स्कूल में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले एसएस बाजवा मॉडर्न एकेडमी के 17 परीक्षार्थियों की अकाउंटेंसी विषय की उत्तर पत्रक गायब हो जाने से संबंधित परीक्षार्थी व अभिभावक पशोपेश में है। बताते है कि सीबीएसई बोर्ड से एसएस बाजवा मॉडर्न एकेडमी को बताया गया कि उनके स्कूल के इंटरमीडिएट के 17 छात्र-छात्राओं की अकाउंटेंसी प्रश्न पत्र की उत्तर पत्रक बोर्ड को नहीं मिली है। यह सुनकर स्कूल प्रबंधन भी सकते में आ गया और जानकारी मिलने पर संबंधित छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक अचंभित हो गए। पीड़ित छात्र अभिभावकों ने बृहस्पतिवार को बिजनौर में सीबीएसई की जिला मुख्य रूची कोचर को शिकायती पत्र देकर स्कूल प्रबंधन से शिकायत की। छात्र अभिभावकों ने सीबीएसई बोर्ड को भी प्रार्थना पत्र प्रेषित कर बच्चों के भविष्य को लेकर बोर्ड से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर अनुज कुमार गोयल, चंद्रहास राव, देवेंद्र सिंह, मनोहर सिंह, सऊद खान, निसार अहमद व मौहम्मद सलीम आदि के हस्ताक्षर है।

### आश्रम में वार्षिक भंडारे का आयोजन



**नूरपुर।** ग्राम मंडोरा में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर बाला जी आश्रम में 11वें वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह दस बजे से आश्रम के संचालक नरदेव सिंह भगत जी ने अपने सैकड़ों अनुयायियों के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली के लिए यज्ञ हवन किया। आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राहुल कुमार, हिमांशु, कोमल सिंह यादव, सतेंद्र कुमार, सोमवीर सिंह, शिवकांत त्यागी, रामवीर सिंह सैनी, जागेश कुमार, समरपाल सिंह, नरेश कुमार सिंह सैनी, नीरज कुमार, अनमोल राणा, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। भंडारे में भारी संख्या में मौजूद रहीं गांव के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क



**झालू।** हल्दौर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस पैदल गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना बताया गया। पुलिस की मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई।

# महिला को परेशान करने वाले युवक की पिटाई

## बिजनौर रेलवे स्टेशन के पास परिजनों ने पीटा, युवक ने मांगी माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर कस्बे में एक महिला को लगातार फोन और मैसेज कर परेशान करने वाले युवक को महिला के परिजनों ने बिजनौर बुलाकर पकड़ लिया। परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई की, जिसके बाद वह सरेराह हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा। इस घटना का वीडियो भी मौके पर मौजूद लोगों ने बनाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर कस्बे की एक महिला पिछले लगभग एक सप्ताह से एक युवक की हरकतों से परेशान थी। आरोपी युवक लगातार महिला के मोबाइल पर कॉल और आपत्तिजनक मैसेज भेज रहा था, जिससे महिला और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान था। कई बार समझाने के बावजूद जब युवक नहीं माना, तो परिजनों ने उसे सबक सिखाने का फैसला किया। महिला ने आरोपी युवक को बिजनौर रेलवे स्टेशन के पास मिलने के लिए बुलाया। युवक लाल रंग की बाइक से अकेला मौके पर पहुंचा, जहां पहले से मौजूद महिला के परिजनों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान मौके पर आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की हरकतें सुनकर वहां मौजूद लोगों ने उसकी निंदा की। परिजन युवक को शहर कोतवाली ले जाने की तैयारी कर रहे थे। पिटाई के दौरान युवक सरेराह हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा और परिजनों से उसे पुलिस को न सौंपने की गुहार लगाता रहा। युवक द्वारा अपनी गलती स्वीकार करने और भविष्य में ऐसी हरकत न दोहराने का आश्वासन देने के बाद, मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। आरोपी युवक हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी बताया जा रहा है। लोगों के समझाने और युवक के माफी मांगने के बाद परिजनों ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। हालांकि इस मामले में पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि इस मामले में कोई थाने नहीं आया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नजीबाबाद में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई

## डा. अंबेडकर समिति ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड स्थित सिद्धबली विहार कॉलोनी में को डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जन कल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह (सेवानिवृत्त दरोगा) और सुरजा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। इस कार्यक्रम में हिमालयन कॉलोनी, दुर्गा विहार, सत्य विहार, आदर्श नगर, महावतपुर और आसपास की विभिन्न कॉलोनियों से बौद्ध अनुयायी बड़ी संख्या में पहुंचे। राकेश मोहन भारती, गोविंद सिंह बौद्ध, अतर सिंह और निशा बौद्ध ने बुद्ध वंदना कराई। सभी अनुयायियों ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन दर्शन और शिक्षा दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए और उनके विचारों को अपनाने पर जोर दिया। इस मौके पर निशा बौद्ध, अंजूषा, सुनीता आर्य, भारती, भुवनेश्वरी, ललिता रानी, हेमलता, ऊष्मा कशेरवाल, ग्राम प्रधान पति राकेश चौधरी, इंद्र बंधु शास्त्री, प्रवीण कुमार, सूरजा सिंह, लखपत सिंह, शेर सिंह (सेवानिवृत्त दरोगा), दिलेराम सिंह रवि, संजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, रामनाथ सिंह (अध्यापक), डा. अनिल, गोविंद सिंह बौद्ध, जसलाल भारती, दिलेराम रवि, शिवकुमार वरुण, विमल सिंह कटारिया, वीर सिंह, राकेश कुमार, प्रीतम सिंह देशबंधु, दीपक कुमार, धर्मवीर सिंह बौद्ध और विपिन कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समिति के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार और उपाध्यक्ष राम भरोसे सिंह ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन डा. जितेंद्र कुमार ने किया। समापन पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। समिति के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, रामभरोसे सिंह और धनीराम का इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र हिमांशु सिंह निवासी ग्राम अमखेड़ा शंजरपुर हाल निवासी सूर्य नगर कॉलोनी गलत संगत में पड़ गया है। जिस कारण मैंने तथा मेरे परिवार ने हिमांशु से अपने समस्त संबंध समाप्त कर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई उससे संपर्क रखता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सरोजनी पत्नी चंद्रमणि, चंद्रमणि पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम अमखेड़ा शंजरपुर, थाना धामपुर, जिला बिजनौर।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा एक बैनामा वर्ष 1997 ई. में विक्रेता रामपाल सिंह पुत्र दौलत सिंह निवासी पहाड़ी दरवाजा, धामपुर से जिसका जिल्द नं. 1527 पृष्ठ 1 से 4 तक क्रमांक 1185 दिनांक 14.03.97 पर दर्ज है तथा दूसरा बैनामा जयवती पत्नी राम सिंह व धर्म सिंह उर्फ धन्नू पुत्र राम सिंह निवासी पहाड़ी दरवाजा, धामपुर जो 1527/1676 पृष्ठ 101 से 104 तक क्रमांक 2169 दिनांक- 20.05.1997 पर दर्ज है तथा तिसरा बैनामा विक्रेता रणवीर सिंह पुण्डीर पुत्र महावीर सिंह निवासी शिक्षक बिहार धामपुर से जिसका जिल्द नं. 4229 पृष्ठ 45 से 60 क्रमांक 27 दिनांक 02.01.2007 पर दर्ज है। प्रार्थी के उक्त मूल बैनामे भूलवश कही पर गूम हो गये है, जो काफी तलाश करने पर भी कही नहीं मिले। -**डॉ. शिखा सिंह पत्नी डॉ. नवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी पहाड़ी दरवाजा, कस्बा, थाना व परगना धामपुर, जिला बिजनौर।**

एक नजर

## ट्रैक्टर से कुचलकर किसान की मौत



**नांगल सोती।** बीती देर रात ग्राम गौसपुर निवासी विजय सिंह (65 वर्ष) पुत्र बुद्ध सिंह अपने घर के बाहर बरामदे में चारपाई पर सोया था। सुबह वह इसी टूटी फूटी चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। बताया गया कि हर रोज बरामदे के बाहर खड़ा ट्रैक्टर इसकी चारपाई के पास बरामदे की दीवार में धसा मिला। ट्रैक्टर के पहियों के गहरे निशान आसपास दीवार पर स्पष्ट दिखाई पड़ रहे थे। वहीं किसान की मौत की खबर से गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर नांगल पुलिस और नजीबाबाद सीओ अंजनी चतुर्वेदी और एसपी सिटी डा.कृष्ण गोपाल मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना का जायजा लेते हुए पुलिस को जांच के लिए दिशा निर्देशित किया। पुलिस ने वृद्ध विजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। सीओ अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि किसान की ट्रैक्टर से दबकर मृत्यु होने की सूचना पर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। ज्ञात हुआ है कि ट्रैक्टर के अचानक स्टार्ट होने से किसान की मृत्यु हुई है, पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## सेंट जोसफ में मानसपुरी गोस्वामी टॉपर



**बिजनौर।** सेंट जोसफ स्कूल ने अपनी पहली बैच (2025-26) के बोर्ड परीक्षा परिणाम मे शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रबंधन ने टॉपर्स की सूची जारी करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के पहले बैच में मानसपुरी गोस्वामी ने 97% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर पार्थ कौशिक, आयशा और रुद्र कुमार ने 96% अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जुमैर 95.5% ,यश धीमान एवं अर्णव अग्रवाल 95% , पुष्प सिंघल 94.4% , अंशुल सिंह एवं मोक्षदीप तोमर 94% , मेधावी सारथक 93.4%, अन्विक्षा सिंह 93% , मनीष 91%, प्रणव गोयल 90.2%, मौहम्मद इकराम एवं लुबना 90% अंक प्रापत किए। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल की बेहतर शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अथक परिश्रम को दिया। स्कूल के मैनेजर रेवरेंड फादर जैम्स और प्रिंसिपल रेवरेंड सिस्टर शाइनी थॉमस ने कहा यह हमारे स्कूल का पहला बैच है और इतने उत्कृष्ट परिणाम देखकर हम बेहद प्रसन्न हैं। यह हमारे शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का फल है। हम आने वाले वर्षों में और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने सभी टॉपर्स और सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## युवाओं ने ली आसपा की सदस्यता



**चांदपुर।** मौहल्ला कटकुई स्थित आसपा के जिला एवं विधानसभा प्रभारी मौहम्मद ताहिर के आवास पर नगर स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता घनेंद्र पाल सिंह ने की। संचालन कृष्ण कुमार ने किया। सम्मेलन में मौहम्मद ताहिर ने पार्टी की नीतियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा आसपा सर्वसमाज की पार्टी है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से कहा कि हमें एक मंच पर आना होगा और चंद्रशेखर आजाद के कांधों को और मजबूत करना होगा। उन्होंने आगामी चुनावों की तैयारी के लिए पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह ने भी मंच से उपस्थित युवाओं को पार्टी की मजबूत बनाने के लिए कार्य करने की अपील की। सम्मेलन में रईस अहमद, सभासद जाकिर हसन, डा. जावेद अहमद आदि ने भी विचार व्यक्त किए। मौहम्मद सुफियान को विधानसभा उपाध्यक्ष (युवा मोर्चा) की जिम्मेदारी सौंपी गई। मौहम्मद अदनान नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सहित कई अन्य युवाओं को पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन देखकर जिम्मेदारी सौंपी गई। सम्मेलन में मौहम्मद चांद, नसीमुद्दीन मनिहार, पप्पू, जानू, सरवर हुसैन उर्फ जोंटी, शाहरुख ताहिर, याहिया मुराद सहित दर्जनों की संख्या मे युवाओं ने हिस्सा लिया।

## वन गुर्जरों के डेरों पर छापेमारी

**कासमपुर गढ़ी।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एवं कॉर्बेट की टीम द्वारा वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त अभियान चलाया गया। वन गुर्जरों के डेरों पर छापेमारी की गई और प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उपप्रभागीय वनाधिकारी अमित ग्वासीकोटि ने अभियान में शामिल वन अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने सीमावर्ती गांवों के रास्तों पर विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए। अभियान कॉर्बेट से शुरू होकर झिरना होते हुए कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र तक चलाया गया। इसके अलावा अमानगढ़ रेंज के भिक्कावाला, मीरापुर, मालौनी, लालबाग, धारा, झुल्लू मोड़, फीका चौकी पर अभियान चलाया गया। वन विभाग के इस संयुक्त अभियान को अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**नूरपुर।** नूरपुर में एक निजी चिकित्सक ने दवाई लेने आए बुजुर्ग को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें उनका एक पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। बीती शाम करीब छह बजे चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधली निवासी गजराम सिंह (75 वर्ष) अपनी दवाई लेने के लिए शहीद तिराहे के पास एक निजी चिकित्सक के पास आए थे। इसी दौरान ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। तिराहे में मौजूद पुलिसकर्मी ने आरोपी को पकड़ लिया और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल आ गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया।

### पीएम आवास योजना बनी 'सोने का अंडा देने वाली मुर्गी'

# एक मकान पर दो-दो लाभार्थी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला नगरीय विकास अभिकरण (DUDA) कार्यालय में सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। चर्चा है कि गरीबों को आवास उपलब्ध कराने वाली यह योजना अब कुछ विभागीय कर्मचारियों के लिए 'सोने का अंडा देने वाली मुर्गी' बनती जा रही है।

शिकायतों के अनुसार लाभार्थी बनाने के नाम पर खुलेआम वसूली की जा रही है। निर्माण कार्य में 'चूना डालने' के नाम पर पैसा लिया जाता है, वहीं जियो-टैगिंग के लिए लाभार्थी के पांच फोटो अपलोड करने के नाम पर भी अवैध रकम वसूली की बात सामने आई है। इतना ही नहीं, किस्त जारी कराने के नाम पर भी लाभार्थियों से पैसा मांगने के आरोप हैं। योजना में तीन किस्तों का प्रावधान होने के बावजूद कुछ खातों में चार किस्त डालकर उससे भी वसूली करने का मामला चर्चा में है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि एक ही मकान पर दो-दो लाभार्थी दिखाकर योजना का लाभ उठाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार ऐसे मामले केवल एक जगह तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे जनपद में इस तरह की अनियमितताओं की चर्चा जोरों पर है।

विभागीय CLTC द्वारा सरकारी पोर्टल पर गलत फोटो और डेटा अपलोड कर फर्जीवाड़ा करने के आरोप भी लगे हैं। वहीं तहसील स्तर पर लेखपाल द्वारा लाभार्थियों की जांच महज औपचारिकता बनकर रह गई है। नगर पंचायत और नगर पालिका की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, जिनकी संलिप्तता को लेकर चर्चाएं तेज हैं। मामले में शिकायतकर्ता रानू चौधरी ने लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल मची हुई है और अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि जांच में क्या सच सामने आता है।

# सचिव ने पैसे लेकर भी मकान नहीं बनवाया, महिला ने थप्पड़ लगाया

### मीटिंग में महिला व सचिव का विवाद हाथापाई तक पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद विकास खंड कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसे लेकर भी मकान न बनवाने पर एक महिला व पंचायत सचिव के बीच विवाद बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गया। घटना के दौरान कार्यालय परिसर में कर्मचारियों व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। विकास खंड में पंचायत सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक चल रही थी। इसी बीच ग्राम लाठीपुरा निवासी विधवा शशिकला वहां पहुंची गई और पंचायत सचिव भरत खन्न से अपने पैसे वापस करने की मांग करने लगी। महिला का आरोप है कि सचिव न आवास योजना के तहत घर बनवाने के नाम पर उससे करीब तीस हजार रुपए लिए थे, लेकिन न तो अब तक उसका मकान बनवाया गया और न ही उसकी रकम लौटाई गई। महिला का कहना है कि वह कई बार पंचायत सचिव से अपने पैसे वापस मांग चुकी है, लेकिन हर बार वह उसे टाल देता है। साथ ही उसने सचिव पर एक दिन घर पर पहुंचकर उसकी अनुपस्थिति में उल्टे उसकी बेटी पर आरोप वापस लेने तथा लड़की को साथ चलने की बात कहने लगा और मिलने को कहते हुए धमकाया। पीड़ित महिला को जब इस बात का पता चला तो वह गुस्से में बैठक पहुंच गई तथा रोष जताया, जिस पर सचिव ने महिला को गाली दी जिससे विवाद हाथापाई में बदल गया। आरोप है कि महिला ने पंचायत सचिव को थप्पड़ मार दिए। वहीं पंचायत सचिव का कहना है कि महिला ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि धक्का-मुक्की के दौरान उनकी शर्ट भी फाड़ दी। खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया ने बताया कि महिला पहले भी इस सम्बंध में शिकायत कर चुकी है, जिसकी जांच में आरोप निराधार पाए गए थे। घटना के बाद पंचायत सचिव ने थाने पहुंचकर महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित महिला ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई है।

## पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**नहटौर।** एक विवाहिता ने अपने पति पर गांव की ही एक महिला के हने पर जलती लकड़ी से मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति का गांव की एक महिला से अवैध सम्बंध है।

नहटौर थाने पहुंची पीड़ित महिला ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व उसकी शादी ग्राम सिजौली निवासी व्यक्ति के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसके पति का गांव की ही महिला से अवैध सम्बंध है। उक्त महिला के कहने पर ही उसका पति उस पर घर से चले जाने का दबाव बनाता है। बुधवार की प्रात: को आरोपी पति ने महिला के कहने पर ही गालियां देते हुए मारपीट की और घर से बाहर निकलने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, पति ने जलती हुई लकड़ी से पिटाई की।

# एक्शन-टेसा की बिजनौर में मेगा कारपेंटर्स मीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारत में एमडीएफ, एचडीएचएमआर, वोयलो और पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी एक्शन-टेसा ने बिजनौर में मेगा कारपेंटर्स मीट का भव्य आयोजन किया। देशव्यापी उत्सवों की श्रृंखला के तहत हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कारपेंटर्स शामिल हुए।



मीटिंग में ब्रांच मैनेजर प्रदीप शर्मा, सीनियर एरिया मैनेजर अतुल शर्मा, दीपक अरोड़ा, होशियार सिंह, नितिन, रविंदर, सत्येंद्र व पूरी सेल्स टीम ने सभी कारपेंटर्स का स्वागत किया। ब्रांच मैनेजर प्रदीप शर्मा ने कंपनी के इतिहास और उसके द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एमडीएफ, एचडीएचएमआर बोर्ड की गुणवत्ता और उपयोग के बारे में समझाया।

कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर आने वाले कारपेंटर्स को ब्रांच मैनेजर प्रदीप शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

एरिया मैनेजर अतुल शर्मा ने कहा कि यह आयोजन उन कारपेंटर्स के अमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित है, जिनकी कारीगरी देश भर के अनगिनत घरों और व्यवसायों में सुंदरता और कार्यक्षमता लाती है। वीडियो मैसेज के जरिए कंपनी ने कारपेंटर्स के प्रति गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि कारपेंटर्स इंजीनियर्ड लकड़ी उद्योग की रीढ़ हैं। उनकी कुशलता और रचनात्मकता के प्रति कंपनी आभार प्रकट करती है। अतुल शर्मा ने बताया कि 'टेसा-सलाम' का अर्थ सम्मान की अभिव्यक्ति है। इस पहल का उद्देश्य कारपेंटर्स की स्थिति को ऊंचा उठाना और उनके कठिन परिश्रम व कारीगरी को पहचान दिलाना है। कार्यक्रम में कारपेंटर्स को उभरती तकनीकों और नवाचारी डिजाइन तकनीकों के बारे में जानने का मंच भी प्रदान किया गया। यह पहल एक्शन टेसा के ब्रांड दर्शन 'कोई नहीं ऐसा' के अनुरूप है, जो अतुलनीय गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर जोर देता है। कंपनी लंबे समय से इन मीट्स के माध्यम से कारपेंटर्स के साथ काम कर रही है, उन्हें प्रशिक्षण और मूल्यवान जानकारी देकर ब्रांड व लकड़ी उद्योग के साथ उनका संबंध मजबूत कर रही है।

## बरसात से पूर्व नालों की सफाई



**स्योहारा।** पालिका चेयरमैन शेख फैसल भारती एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों में तली झाड़ सफाई कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। नालों से सिल्ट कूड़ा-करकट एवं जलभराव का कारण बनने वाली गंदगी को हटाया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान जलनिकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे। चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने बताया कि बरसात से पहले सभी नालों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है। वहीं ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने संबंधित कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समय से सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**स्योहारा।** अंतर्गत महमूदपुर रेलवे फाटक के पास आज सुबह ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे डायल-112 के माध्यम से स्योहारा पुलिस को सूचना मिली कि महमूदपुर रेलवे फाटक के पास अप रेलवे लाइन किनारे पोल नंबर 1437/25 एवं 1437/26 के बीच एक व्यक्ति ट्रेन से गिर गया है। जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया पुलिस द्वारा आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई तथा मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए गए, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण की तथा पोस्टमार्टम जिला अस्पताल भिजवा दिया। प्रथम दृष्टया मामला चलती ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है तथा उसकी पहचान कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। आसपास के थानों एवं सोशल मीडिया माध्यमों से भी जानकारी साझा की जा रही है ताकि जल्द से जल्द मृतक की पहचान हो सके।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

### शौवीर सिंह दहिया के नेतृत्व में कार्यकाल विस्तार को लेकर प्रशासन तक पहुंची आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पंचायत राज संगठन के प्रदेश प्रभारी शौवीर सिंह दहिया के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



ज्ञापन में पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। संगठन का कहना है कि पंचायतें ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ हैं और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी अहम भूमिका होती है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने की स्थिति में विकास कार्यों के प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

संगठन ने यह भी बताया कि वर्तमान में पंचायत चुनाव और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य एक साथ चल रहे हैं, जिससे प्रशासनिक अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है।

इसलिए मांग की गई है कि मौजूदा ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल तब तक बढ़ाया जाए, जब तक नए प्रतिनिधि निर्वाचित होकर कार्यभार ग्रहण न कर लें।

इसके साथ ही ज्ञापन में यह भी सुझाव दिया गया कि कार्यकाल विस्तार की अवधि में प्रतिनिधियों को आवश्यक प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार प्रदान किए जाएं, ताकि योजनाओं का संचालन सुचारु रूप से चलता रहे। संगठन ने उम्मीद जताई कि राज्यपाल इस मांग पर सकारात्मक विचार करेंगे और जनहित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

एक नजर

## बुद्ध पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जन कल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के सम्मुख समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह (रिटायर्ड दरोगा) एवं सुरजा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में हिमालयन कॉलोनी, दुर्गा विहार, सत्य विहार, आदर्श नगर, महावतपुर तथा आसपास के विभिन्न कॉलोनियों से बौद्ध अनुयाईयों ने पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में राकेश मोहन भारती, गोविंद सिंह बौद्ध, अतर सिंह, निशा बौद्ध के द्वारा बुद्ध वंदना कराई गई। सभी अनुयाईयों ने गौतम बुद्ध के जीवन दर्शन, शिक्षा दर्शन पर अपने विचार रखे। उनके विचारों को अपनाने पर बल दिया। इस मौके पर निशा बौद्ध, अंजूषा, सुनीता आर्य, भारती, भुवनेश्वरी, ललिता रानी, हेमलता, ऊष्मा कशेरवाल, ग्राम प्रधान पति राकेश चौधरी, इंद्र बंधु शास्त्री, प्रवीण कुमार, सूरजा सिंह, लखपत सिंह, शेर सिंह, दिलेराम सिंह रवि, संजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, रामनाथ सिंह अध्यापक, डा.अनिल, गोविंद सिंह बौद्ध , जसलाल भारती, दिलेराम रवि, शिवकुमार वरुण, विमल सिंह कटारिया, वीर सिंह, राकेश कुमार, प्रीतम सिंह देशबंधु, दीपक कुमार, धर्मवीर सिंह बौद्ध, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, रामभरोसे सिंह तथा धनीराम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. जितेंद्र कुमार ने किया।

## सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई




**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुर गढ़ी पीएनबी शाखा के कर्मचारी गुरदेव सिंह को सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में बैंक स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ गुरदेव सिंह को फूल-मालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी। बैंक मैनेजर रवि कुमार ने बताया कि गुरदेव सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक में 33 साल तक पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं दीं। ग्राहकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा सहयोगात्मक रहा। कैशियर गोविंद सिंह नेगी और हेड कैशियर ऋषभ कुमार ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा खलेगी। गुरदेव सिंह को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक रवि कुमार, उपप्रबंधक प्रकाश पांडे, इंचार्ज राहुल कुमार, ग्राम प्रधान नैन सिंह, फील्ड ऑफिसर ऋषि वर्धन, सुमित कुमार, मौहम्मद अरशद व अंकित कुमार, फरहाना खातून उप शाखा संचालक, सुमित कुमार, सुल्तान अहमद, डा. दौलत सिंह, शमशेर सिंह एवं बैंक सहयोगी, उप शाखा संचालक आदि मौजूद रहे।

## आक्रोश मार्च निकाल कर पुतला फूंका



**नगीना।** नारी शक्ति वंदन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) पर संसद में विपक्षी दलों के रुख से नाराज भाजपा महिला मोर्चा ने नगर में 'जन आक्रोश पदयात्रा' निकाली। नगर पालिका प्रांगण से शुरू होकर गांधी प्रतिमा तक गई इस यात्रा का नेतृत्व नगर मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल ने किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं का आरोप है कि कांग्रेस और सपा ने सदन में हंगामा कर महिला आरक्षण बिल में बाधा उत्पन्न की है, जो नारी शक्ति का सीधा अपमान है। प्रदर्शन के अंत में महिलाओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव का पुतला फूंका। इस दौरान अंजलि मित्तल ने कहा कि महिलाओं का अपमान करने वाले दलों को आगामी चुनावों में जनता करारा जवाब देगी। प्रदर्शन में इंदु ठुकराल, मान्या मित्तल, तारू और शिविका समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## सेंट मैरी स्कूल के छात्रों ने फहराया परचम




**नगीना।** स्थानीय सेंट मैरी स्कूल का वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर और छात्रों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। आईएससी बोर्ड की विज्ञान शाखा में चर्चित भारती ने 96.50% अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कार्तिकेय मेहता और मंथन विश्नोई 92.25% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कॉमर्स शाखा में सेबन शिबू और सहर अहमद ने संयुक्त रूप से 94.75% अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आर्ट्स वर्ग में हार्दिक शरवत 95.25% अंक पाकर स्कूल टॉपर बने। हाईस्कूल में पुष्कर अग्रवाल ने 94.2% अंकों के साथ पहला स्थान पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। दूसरे स्थान पर अनाबिया जैदी और शौर्य चौहान रहे जिन्होंने 92.4% अंक प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर प्रवीण कुमार राठौर (91.6%) रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

# स्मार्ट मीटर पर मुख्य विपक्षी दल के नेताओं ने चुप्पी साधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जी का जंजाल बन चुके प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर मुख्य विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों में कानो में रूई ठोंक ली है। मीटरों से जनमानस बुरी तरह परेशान है। जबकि मुख्य विपक्षी दलों के नेता सड़क से संसद और विधानसभा में भी खामोशी ओढ़े हुए है। जबकि लोग बुरी तरह आहत है। स्थानीय नेताओं की चुप्पी और जनमानस की आवाज बनने को आम आदमी पार्टी की ओर से यह बीड़ा उठाने की शुरूआत की गयी है। आप नेता बिजली समस्याओं के खिलाफ 3 मई को विरोध प्रदर्शन करेंगे।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर जनमानस के लिए जी का जंजाल बन चुके है। पुराने मीटरों से बिजली ले रहे उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगते ही दो गुने व चार गुना से अधिक बिल का भुगतान करना पढ़ रहा है। बढ़े हुए बिलों के आने से लोगों में चींत्कार मचा हुआ है। शिकायत करने के बाद भी जनमानस की समस्या का कोई समाधान फिलहाल नहीं हो पा रहा है जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा मुख्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर अपनी ज़बान पर ताला ठोंक रखा है। जबकि आम आदमी इससे बुरह तरह त्रसत है। स्थानीय नेताओं की चुप्पी पर आम आदमी पार्टी के नेता जनमानस की आवाज बनने को आगे आए हैं। आप के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर एवं बिजली संबंधी समस्याओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का बीड़ा उठाया है। आप नेता ने बताया कि इस मामले को लेकर 3 मई को दोपहर 2 बजे पार्टी कार्यकर्ता और सर्मथक बदायूं दरवाजा, चौधरी सराय स्थित उनके आवास पर एकत्रित होंगे।। इसके बाद सभी कार्यकर्ता शाम 4 बजे बिजली विभाग कार्यालय, सम्भल/मुरादाबाद मार्ग, पहुँचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिजली विभाग की अनियमित्ताओं, बढ़े हुए बिलों एवं स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाना है।

**O आम आदमी पार्टी नेता बने जनमानस की आवास तीन को करेंगे धरना-प्रदर्शन**



बबराला। बुद्ध पूर्णिमा पर राजघाट गंगाघाट पर स्नान करते स्नानार्थी।

# बुद्ध पूर्णिमा पर लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर श्रद्वालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर स्नान किया। लोग काफी दूर दूर से स्नान करने आये। राजघाट गंगाघाट पर मेला लगा और सभी ने सामान की खरीदारी की।

पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है। इसे बुद्ध पूर्णिमा इसलिए कहते है क्योंकि इस दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इसके साथ ही पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व भी होता है। गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करता है। यही आस्था ही स्नान पर्व को महत्वपूर्ण बनाती है। गर्मी के बाद भी लोगो का उत्साह देखने लायक था। सभी गंगा में स्नान कर अपने को धन्य मानते हैं। गंगा मईया में आसपास के लोगों की अपार श्रृद्वा है। सभी अपनी ट्रैक्टर ट्राली भरकर गंगा स्नान को पहुंचे। कार व बाइक भी लोगो के पहुचने का साधन रहीं ।वाहनों की संख्या के कारण कई बार राजघाट रोड़ पर जाम की स्थिति बनी।

## राजघाट पर लगा मेला

**सम्भल।** गंगाघाट राजघाट पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर मेला लगा।जिसमे महिलाओ व् बच्चों ने खूब खरीददारी की। सुबह से ही चन्दौसी बहजोई डिबाई व् अन्य स्थानों से लोग पहुचने लगे थे।अपने वाहनों से लोग परिवार सहित पहुचे। गंगा जी में नहाते समय को अनहोनी न हो इसके लिए नाव के साथ मल्लाह भी मौजूद रहे। धर्मशालाओं में भीड़ रही। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।लोगों ने घाट पर बच्चों मुंडन कन छिद्दन भी कराये।पुलिस व्यवस्था को मुस्तैद रखा गया।

# कसेरूआ में कब्रिस्तान व ग्राम समाज की भूमि की नापजोख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तीर्थ कुंआ खोजो अभियान में बाद ग्राम समाज की सार्वजनिक भूमियों को अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराने के चल रहे अभियान में एक और सरकारी भूमि पर कब्ज़ा कर कब्रिस्तान और ग्राम समाज की भूमि से बेदखली के आदेश के बाद राजस्व टीम ने पहुंचकर पैमाईश की।

शुक्रवार की दोपहर नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम कसेरूआ में तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह व नायब तहसीलदार दीपक जुरैल कनूनगो और लेखपालों की टीम के साथ पहुंचे। लेखपालों ने गांच में कब्रिस्तान और ग्राम समाज की भूमि की नापजोख की। बताया जा रहा है कि गाटा सं.. 409 कब्रिस्तान की भूमि जिस पर एक मस्जिद और तीन मकान बने हुए हैं। जबकि गाटा सं. 400 खाद के गडढों की भूमि पर आठ मकान बने मिले। जबकि गाटा सं. 411 वाली भूमि वृक्षारोपण के लिए आरक्षित है। जिस पर गांव का ही व्यक्ति खेती कर रहा है।

गांव पहुंचे तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कसेरूआ गांव के लोगो ` डीएम को आवेदन देकर कब्रिस्तान की जमीन सुरक्षित करने की मांग की थभ अभिलेखों की जांच की गई तो कब्रिस्तान की भूमि पर मस्जिद बनाकर कब्ज़ा किया गया। इसके विरूद्व धारा 67 के तहत मुकदमा चला। लेकिन मस्जिद कमेटी की ओर से कोई भी साक्ष्य पेश नहीं किया जा सका जिससे साबित हो सकता कि मस्जिद का निर्माण निजि भूमि पर किया गया है। तहसीलदार की कदालत से बेदखली का आदेश दिया गया। हालांकि जिलाधिकारी की अदालत में अपील दायर की गयी है। तहसीलदार ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर मकान बनाने वाले लोगों को भी सूचना दे दी गई है कि वह अपना अतिक्रमण को स्वयं हटा लें अन्यथा उनके विरूद्व भी धारा 67 के तहत कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। उन्होने बताया कि गाटा संख्या 409 वाली भूमि कब्रिस्तान की और और उस पर मस्जिद का निर्माण किया गया है। जबकि धार्मिक मान्यता के अनुसार कब्रिस्तान की भूमि पर मस्जिद का निर्माण नहीं किया जा सकता है। याद हो कि नौ जनवरी को क्षेत्र के लेखपाल खाबर हुसैन क्षरा पैमाईश की गयी है। जिसके बाद लेखपाल ने जाकिर हुसैन, तस्लीम, भूरे अली, शरपुददीन, दिल शरीफ आदि के खिलाफ धारा 329(3) बीएन एस के तहत सार्वजनिक सम्पत्ति निवारण 1984 (व तीन के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी थी।



सम्भल-सात दिवसीय कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालती महिलाएं।।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थपित की गई बाबा गोरखनाथ की मूर्ति

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव काशीपुर में रविवार को धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गांव स्थित शिव गोरख धाम में महान संत परंपरा के अग्रदूत बाबा गुरु गोरखनाथ के जन्मोत्सव पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्वालु पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण और पूरे विधि-विधान के साथ गुरु गोरखनाथ की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्मिय और दिव्य नजर आ रहा था। सुबह से ही श्रृद्वालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी, जो देर रात तक लगातार बनी रही। मंदिर के पुजारी गुरुजी रमेश बाबा के निर्देशन में पूजा-अर्चना, हवन कर केक काटा गया धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए।जय गुरु गोरखनाथ के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और हर श्रृद्वालु बाबा की भक्ति में लीन नजर आया।

# गंगा एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्रांति, 306 हेक्टेयर जमीन का और होगा अधिग्रहण

**O1047 किसानों को 387 करोड़ का मुआवजा**

**Oफूड प्रोसेसिंग वेयर हाउस, कोल्ड चेन के लिए पांच गांवो में अधिग्रहण की तैयारी**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश की महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना सम्भल जिले के लिए आर्थिक विकास और औद्योगिक क्रांति के नए द्वार खोलने जा रही है। जिले में एक्सप्रेसवे का 38.65 किलोमीटर का हिस्सा 100 प्रतिशत बनकर तैयार हो चुका है। अब इस एक्सप्रेसवे के किनारे एक विशाल औद्योगिक गलियारा (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए 4 गांवों के 1047 किसानों की 239.1004 हेक्टेयर जमीन को चिह्नित कर लगभग 387 करोड़ रुपये (3,87, 23,27, 562 रुपये) के मुआवजे का आंकलन किया गया है, जिसमें से 95 प्रतिशत भूमि की खरीद पूरी हो चुकी है। भविष्य की संभावनाओं और बड़े निवेश को देखते हुए प्रशासन ने अब 5 अन्य गांवों में 306.1572 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार किया है। इस गलियारे के बनने से न सिर्फ एनसीआर के उद्योगों का विकेंद्रीकरण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## किसानों को मिला 387 करोड, अब 306 हेक्टेयर का नया अधिग्रहण होगा

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** औद्योगिक गलियारे के लिए तहसील संभल के 4 गांवों (खिरनी मोहिउद्दीनपुर, बसला, सारंगपुर व अलावती कुतुबपुर) में 239.1004 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई थी। इसके बदले में 1047 किसानों को 387 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का वितरण किया जा रहा है। औद्योगिक इकाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए अब ग्राम सारंगपुर, अमावती कुतुबपुर, खरसपा, भमौरी पट्टी और सौधन मोहम्मदपुर में कुल 306.1572 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। जिले में एक्सप्रेसवे कुल 31 गांवों (संभल तहसील के 17 और चंदौसी के 14) को प्रभावित कर रहा है। लोगों की सुविधा के लिए इसमें दो इंटरचेंज (लहरावन और खिरनी मोहिउद्दीनपुर) भी बनाए गए हैं।

## उद्योगों का होगा विकेन्द्रीकरण एनसीआर से घटेगा बोझ

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गंगा एक्सप्रेसवे का औद्योगिक गलियारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से उद्योगों के विकेंद्रीकरण में अहम भूमिका निभाएगा। पूर्वांचल, पश्चिम और बुंदेलखंड को एक सूत्र में पिरोने वाले इस एक्सप्रेसवे के जरिए माल ढुलाई (लॉजिस्टिक्स) बेहद तेज और सस्ती हो जाएगी। इससे वाहन संचालन लागत और ईंधन की भी भारी बचत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण सम्भल से बंदरगाहों, एयरपोर्ट और बड़े बाजारों तक पहुंच आसान हो जाएगी, जिससे देश-विदेश के लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश आकर्षित होंगे। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए एक्सप्रेसवे को 'जीरो एक्सीडेंट डिजाइन' पर तैयार किया गया है, जिसमें क्रैश बैरियर और सीमित एंट्री-एग्जिट प्वाइंट दिए गए हैं।

## मैंथा और कृषि उत्पादों को मिलेगी ग्लोबल मार्केट

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिला मेंथा पिपरमिंट), आलू, स्ट्रॉबेरी और मोती उत्पादन के लिए जाना जाता है। इसके अलावा यहां से मीट और बोन उत्पादों का भारी मात्रा में अन्य देशों को निर्यात होता है। औद्योगिक गलियारा बनने से यहां खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) से जुड़ी अनेक इकाइयां स्थापित हो सकेंगी। वेयर हाउसिंग और कोल्ड चेन उद्योग की प्रबल संभावनाएं हैं, जिससे किसानों के फल, सब्जी और अनाज की सीधे बड़े बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। मुख्यालय से मात्र 6 किलोमीटर दूर होने के कारण निर्यातकों और निवेशकों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी संभव हो सकेगा।

## सर्विस सेंटर्स की स्थापना से क्षेत्रीय विकास तेजी से होगा

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक हब और सर्विस सेंटर्स की स्थापना से जिले में क्षेत्रीय विकास तेजी से होगा। इसके साथ ही रियल एस्टेट और प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी उछाल आने की उम्मीद है। यह एक्सप्रेसवे सम्भल को तीर्थाटन और पर्यटन के नए आयामों से भी जोड़ेगा। बाहरी लोगों और व्यापारियों की आवाजाही बढ़ने से होटल उद्योग और स्थानीय व्यापार फलेगा-फूलेगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा और जिले की आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत होगी।

# कलश यात्रा निकालकर सात दिवसीय कथा का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बुद्व पूर्णिमा पर नगर में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। जबकि हयात नगर में स्थित चामुंडा मंदिर के पास गीता ज्ञान यज्ञ के सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के आयोजन से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पीताम्बर वस्त्र धारी महिलाएं सरों पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुई। जबकि सांय को भक्तों को श्रीमदभागवत कथा का श्रेवण कराया गया। कथा गीता व्यास स्वामी कृष्णानंद झा द्वारा गीता के ज्ञान कर्म और भक्ति के विषय को समझने का और भागवत गीता को जानने का यह एक पावन अवसर है। कल्कि नगरी संभल तीर्थ नगरी क्षेत्र में गीता ज्ञान यज्ञ के इस प्रकार के कार्यक्रम का यह अद्वितीय आयोजन हम सबके लिए प्रेरणादाई है,उन्होने कहा कि महाभारत युद्व शुरू होने से ठीक पहले, कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन अपने ही सगे-संबंधियों, गुरु द्रोण, भीष्म पितामह को सामने देखकर दुविधा में पड़ जाता है। वो धनुष रख देता है और युद्व करने से मना कर देता है। तब उसके सारथी बने भगवान श्रीकृष्ण उसे गीता का उपदेश देते हैं। 18 अध्यायों में 700 श्लोकों के जरिए कृष्ण अर्जुन को कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग, धर्म, आत्मा-परमात्मा, जीवन-मृत्यु का रहस्य समझाते हैं के कर्म करो, फल की चिंता मत करो कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन; आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है, धर्म के लिए युद्व करना क्षत्रिय का कर्तव्य है,मोह त्यागकर अपना कर्तव्य निभाओ उपदेश सुनकर अर्जुन का मोह दूर होता है और वो युद्व के लिए तैयार हो जाता है। महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय,ने कथा के पहले दिन सभी महिलाओं ने आरती की।इस मौके पर उर्मिला, कुमकुम, यशोदा, रेखा, गायत्री, संतोष, शिल्पी, रिचा, निशि, दीपा, खुशबू, राधा, मोना नीतू, सरोज, नंदनी अलपी, शालू, नेहा, रीना रेखा आदि सभी संगठन की सभी महिलाये मौजूद रहीं।

# इस बार 59 दिन का होगा ज्येष्ठ मास

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** दो मई से जेठ का महीना शुरू हो रहा है। इस बार दो ज्येष्ठ मास होंगे।

पंडित हरेश बाबू शर्मा ने बताया कि संवत्सर गणना में हर तीन वर्ष में एक माह की वृद्वि होती है जिसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहते हैं। इस अधिक मास में वैवाहिक कार्य नहीं होते हैं।

पंडित श्याम बिहारी ने बताया कि हिंदी महीनों में चंद्र गणना के अनुसार चंद्रमा की 16 कलाओं की सूक्ष्म गणनाओं के आधाार पर तिथियां घटती बढ़ती रहती हैं। तीन वर्ष में लगभग उन्नतीस या तीस दिन का अंतर हो जाता है। इसको पूरा करने के लिए ज्योतिषीय गणना के अनुसार अलग-अलग महीने अधिाक मास हो जाते हैं। इस बार की गणना के अनुसार ज्येष्ठ के दो महीने हैं। शुद्व और अधिक मास मिलाकर इस बार ज्येष्ठ मास 59 दिन का होंगा। उन्होंने बताया कि दो मई से आरंभ होकर 29 जून तक ज्येष्ठ की प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ेगा। सौर गणना के अनुसार हर महीने संक्रांति बदलती रहती है लेकिन अधिाक मास के समय पहले महीने में सूर्य संक्रांति नहीं आती इसलिए इसे अधिक मास कहते हैं। इस अधिक मास में वैवाहिक कार्यों सहित गृह निर्माण, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। पंडित रवि शर्मा ने बताया कि अधिक मास भगवान विष्णु को बहुत प्रिय है। इसलिए पुरुषोत्तम मास में भगवान विष्णु के पूजा, मंत्र जाप अथवा विशेष अनुष्ठान करने से शुभ फल मिलते हैं। इस दौरान गरीब, असहाय को दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे अन्न, जल वस्त्र, दान करने का बहुत महत्व है।

**Oवैवाहिक कार्यक्रमों पर रहेगी रोक**

## श्रमिक दिवस पर मेडिकल कैम्प आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा अधीक्षक गुन्नौर डाक्टर राज किशोर के आदेशानुसार यारा केमिकल प्राइवेट लिमिटेड में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों का बीपी शुगर मलेरिया टाइफाइड डेंगू टीवी स्क्रीनिंग आयुष्मान कार्ड तथा आंखें टेस्टिंग की गई। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डा. एच रहमान डा. शिल्पा चौधरी बीडीएम दीपक शर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ उस्मान आदि उपस्थित रहे।

# नशे के विरुद्ध अभियान चलायगी कैमिस्ट एसोसिएशन

**Oकैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में लिया गया निर्णय**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** केमिस्ट एसोसिएशन में एक युद्व नशे के विरुद्व अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत प्रत्येक मेडिकल पर नशे के विरुद्व पोस्टर लगाने, किसी भी केमिस्ट पर नशीली दवाओं की बिक्री न करने, शिडयूल एक्स, एच एवं एच1 की दवाइयां केवल डाक्टर की पर्ची पर देने का संकल्प और शपथ लेने देने का अभियान प्रारंभ करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से तय किया।

शर्मा मेडिकोज पर संपन्न हुई बैठक में केमिस्ट एसोसिएशन के कार्य अध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा एक युद्व नशे के विरुद्व अभियान चलाया जाएगा। जिसके अनुसार नगर एवं ग्रामीण अंचल में केमिस्ट बंधुओं के साथ बैठक करके शासन प्रशासन की मंशा से अवगत कराया जाएगा।

केमिस्ट एसोसिएशन के सुबोध पाल, शाहनवाज आलम, नसीम, अतुल त्यागी, प्रिय रत्न आर्य, अनिल कुमार अग्रवाल, हेमंत वार्ष्णेय, अजय कुमार शर्मा, अभिजीत पॉल, श्यामशरण शर्मा आदि ने नगर के अनेक मेडिकल पर पहुंचकर 'मानस नेशनल नारकोटिक्स' हेल्पलाइन 1933 अंकित किया हुआ पोस्टर लगाया। केमिस्ट बंधुओं के साथ चर्चा करते हुए प्रशासन की गाइडलाइन का पूर्णत: पालन करने का संकल्प लिया।



सम्भल- नशे के विरूद्व अभियान की शुरूआत करते कैमिस्ट।

# मानव एकता दिवस के रूप में मनी महात्मा बुद्ध की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा बु) पूर्णिमा पर्व पर करूणा के सागर व सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गौतम बौद्व की जयंती बड़े उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मानव एकता दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें उनके बताए रास्ते पर चलने का आवान किया गया।

नगर की समाजसेविका डा. सुधा सक्सेना के आवास सुशीला सक्सेना अस्पताल सम्भल में सम्पन्न हुई। बैठक में महात्मा गौतम बौ) की जयंती की शुरुआत समिति के राष्ट्रीय संरक्षक/सलाहकार डा. यू सी सक्सेना, राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, विशिष्ट अतिथि डा. निधि सक्सेना, डा. निरंकार सिंह, डा. अमृतेश अवस्थी, डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह, डा. विकास कुमार यादव, डा. अजय कुमार, डा. अता उर्रहमान, प्रीति सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चिंकी दिवाकर व राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी ने संयुक्त रूप से महात्मा गौतम बौद्व के चित्र पर माल्यार्पण व बुद्व वंदना के साथ की। इस अवसर पर समिति के मुख्य अतिथि व समिति के राष्ट्रीय संरक्षक/ सलाहकार डा. यू सी सक्सेना ने महात्मा गौतम बुद्व के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गौतम बुद्व द्वारा दिए गए सिद्वान्तों को जीवन में अपनाने पर ही संसार और मानव का विकास हो सकता है। साथ ही कहा कि महात्मा गौतम बौद्व सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। जिन्होंने मानव के साथ साथ जीवों पर दया करने का संदेश दिया। संस्था के हरद्वारी लाल गौतम ने महात्मा गौतम बौद्व के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गौतम बौद्व करूणा के सागर और शांति के अग्रदूत थे जिन्होंने जीवनभर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करके मानव को मानव से जोड़ कर मानवता का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि व एमजीएम कालेज के प्रोफेसर निरंकार सिंह ने बुद्व की प्रासंगिकता और विचारों पर ध्यान आकर्षित किया। जबकि प्रोफेसर अमृतेश अवस्थी ने वर्तमान परिपेक्ष में बुद्व के सिद्वांतों उनकी सभी को साथ लेकर चलने की सोच और आज के युद्वमय वातावरण में उनके बताए गए मूल्यो की विशेष आवश्यकता पर ध्यान दिलाया। इसी के साथ उन्होंने महात्मा बुद्व को ईश्वरी अवतार के रूप में परिवर्तित होने के पीछे उनका अपने मन वचन और कर्म से जीवन को एक नव जागरण प्रदान करने का महत्व बताया। प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आत्म दीपों भाव के मूल मंत्र को आज साफ करने को कहते हुए उनके सिद्वांतों पर चलने का आहवान किया। प्रोफेसर विकास सिंह यादव ने महात्मा बुद्व के विभिन्न सिद्वांतों का वर्णन किया और उनकी उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही महात्मा गौतम बौद्व के जीवन और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि डा. अजय कुमार ने बुद्व को आदर्श और मार्गदर्शन के रूप में याद किया। इसके अलावा कुसुम ने कहा कि महात्मा गौतम बौद्व ने मानव से मानव को जोड़ने के लिए बिना जाति भेद भाव वाले बौद्व धर्म की स्थापना की जो कुछ ही दिनों में भारत से नेपाल, चीन, जापान, थाईलैंड, इण्डोनेशिया, आदि देशों में फैल गया।रूबी ने कहा कि महात्मा गौतम बौद्व ने बौद्व धर्म की स्थापना करके मानव को मानव से जोड़ने का कार्य किया। साथ ही संदेश दिया कि समाज में सभी मानव एक समान है ना कोई छोटा और ना ही बड़ा है। डा. निधि सक्सेना ने महात्मा गौतम बौद्व के सिद्वांतों और पंचशील पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा




सम्भल-जन आक्रोश पदयात्रा निकालती महिलाएं।

**Oकांग्रेस और समाजवादी के खिलाफ की जमकर नारेबाज़ी**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत गुन्नौर चैयरमैन व कार्यक्रम की संयोजक खुशबू प्रजापति के साथ महिलाओं ने जन आक्रोश महिला पदयात्रा के तहत रैली निकाली। जिसमें क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। नगर गुन्नौर की पदयात्रा में महिलाओं ने जन आक्रोश महिला पदयात्रा में महिलाओं की अधिक भागीदारी देखने को मिली। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, मंडल अध्यक्ष इन्द्रीवर सिंह, चैयरमैन पति धर्मेंद्र प्रजापति, पूर्व जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, सभासद सोमवती देवी, विद्याराम, महीपाल बघेल, जूलियस सीजर,राहुल कुमार, सचिन प्रजापति, कोमल सिंह, उदयपाल दिवाकर, प्रेम पाल यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडी में मजदूर दिवस पर लगा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में मण्डी पौध शाला, बबराला (गुन्नौर रेंज) में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सक ने मजदूरो और माताओं को उनके स्वास्थ्य को उत्तम रखने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि मजदूर साथी कड़ी मेहनत करते है इसलिए उन्हें, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी, सेवा एवं तनाव से मुक्ति जैसे सरल उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने बताया कि सुबह उठकर टहलना, धूम्रपान और शराब से दूर रहना चाहिए तथा नियमित स्वास्थ्य जाँच कराते राज्य चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी में मजदूरों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की संपत्ति है जो परिवार और समाज को मजबूत बनाता है। उन्होनें बताया कि जीवन दो शब्दों 'जीव' और 'वन' से मिलकर बना है। यह एक दूसरे के पूरक है। गुन्नौर रेंज, ब्रजमोहन ने बताया कि क्षेत्रीय वनाधिकारी गुन्नौर रंज अच्छे खान पान, हरी सब्जियाँ, ताजे फलों से स्वास्थय को बेहतर बनाया जा सकता है साथ ही धूम्रपान व नशे से दूर रहने के लिए बताया गया। इस अवसर पर एक नि:शुल्क स्वास्थ शिविर एवं उनके सहयोगी शिविर भी लगाया गया। शिविर में ब्लड प्रेसर, शुगर, सामान्य स्वास्थय परीक्षण किया गया एवं आवश्यकता अनुसार दवाईया वितरित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी ब्रजमोहन, उपक्षेत्रीय वनाधिकारी विशेष कुमार यादव, मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, दरोगा सुरेश, दीपक कुमार वन दरोगा, अमित कुमार, प्रीतम राम, बन रक्षक राजकुमार एवं समस्त स्टाफ मौजद रहे।

# युवक ने तमंचे से खुद को गोली मारकर दी जान

## गांव में मौत को लेकर कई तरह के लगाए जा रहे कयास




**कांठ ( शाह टाइम्स )** गांव के पास आम के बाग में युवक ने तमंचे से खुद को गोली मार कर मौत को गले लगा लिया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर सबूत इकट्ठा किए अधिकारियों ने भी घटना स्थल का दौरा किया है। घटना थाना कांठ क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा की है वहां के निजाम का पुत्र जीशान अपनी निजी कार से बुकिंग करने का काम करता था उसका बड़ा भाई अजीम भी अपनी कार से बुकिंग करने का काम करता है जीशान के मां-बाप की बरसों पहले मौत हो चुकी है और उनकी बचपन से देखभाल चाची करती चली आ रही थी लेकिन आज दोपहर में किसी वक्त जीशान ने मौत को गले लगा लिया घटना की जानकारी मिली तो महिला पुरुष और बच्चे घटनास्थल पर पहुंच गए मौके पर मृतक का मोबाइल और तमंचा पड़ा मिला ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मौत की वजह तलाशने का प्रयास शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का कहना था कि सुसाइड से पहले मृतक ने किसी से वीडियो कॉल पर बात भी की थी और मरने की जानकारी उसे देते हुए तमंचे में कारतूस लोड किया था परिवार की महिलाओं ने भी कुछ लोगों पर मौत को गले लगाने के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए कुल मिलाकर मरने की वजह तो स्पष्ट नहीं हो सकी लेकिन मौत के कारणों को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई तरह की बातें की जाने लगी। सूचना मिलते ही आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी की समाचार लिखे जाने तक पुलिस पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी।

# संगठन बढ़ाओ, मजलिस जिताओ विधानसभा जाओ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन विधानसभा 27 मुरादाबाद देहात के एक हॉस्पिटल में मुरादाबाद देहात विधानसभा के कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई जिसमें यह तय हुआ के संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करना है जहां संगठन मौजूद है वहां उसे मजबूत करना है जहां कमियां है उन कमियों को दूर कर पार्टी को मजबूत करके विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करनी है इसके लिए एक अभियान 1 मई 2026 से प्रारंभ करने की बात हुई जिसका नाम होगा। संगठन बढ़ाओ ,मजलिस जिताओ ,विधानसभा जाओ इस अभियान के तहत संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने के अभियान पर सहमति बनी मीटिंग में मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद फहीम बेग, विधानसभा अध्यक्ष 27 मुरादाबाद देहात इंजी. नियर फिरोज हुसैन, अतिकुर रहमान एडवोकेट, सलमान मुगल, डॉ ममोहम्मद सलमान, मुजीब उर रहमान,शाने रब, नदीम पाशा,फाजिल एडवोकेट, राहत चौधरी, नगर अध्यक्ष भोजपुरी कामिल रजा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### प्रसव के दौरान महिला की मौत से हंगामा परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**कुंदरकी/मैनाठेर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** थाना क्षेत्र के मुरादाबाद-संभल मार्ग स्थित महमूदपुर माफी में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया गया। जानकारी के अनुसार संभल के हजरतगढ़ी निवासी स्वाति (22), पत्नी पुष्पेंद्र को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने महमूदपुर माफी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान प्रसव के समय ही महिला की मौत हो गई, जिससे परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सही इलाज न मिलने के कारण महिला की जान गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए मुरादाबाद-संभल मार्ग जाम करने का प्रयास भी किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के अनुसार यह अस्पताल पूर्व में किसी अन्य नाम से संचालित होता था, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया था, लेकिन बाद में कथित तौर पर बिना पंजीकरण के नया नाम देकर फिर से संचालन शुरू कर दिया गया।

# सड़क सुरक्षा को कार्यक्रम का किया आयोजन

**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की एन एस एस इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर सभी छात्रों को स्टॉफ सहित सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन द्वारा शपथ के उपरान्त सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रधानाचार्य श्री नौमान जलील ने सभी उपस्थित छात्रों को नियमों के पालन करने की सलाह दी।इसके उपरान्त स्वयं सेवकों को साथ लेकर एक रैली का आयोजन किया गया सड़क पर वाहन चाल. कों को रोककर हेलमेट का प्रयोग करने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी गयी। इसके अतिरिक्त वाहन चाल. कों को सलाह दी गयी कि वे वाहन अपनी साइड मे रखें, नशे की हालत मे वाहन न चलाएं, स्पीड का ध्यान रखें, मोबाइल का प्रयोग न करें आदि.इस कार्यक्रम मे पूरे स्टॉफ का सहयोग प्राप्त हुआ।





# ग्राम चौपाल में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी ( मुरादाबाद )।** शासन के निर्देश पर कुंदरकी विधानसभा के मुंडापांडे विकास खंड के ग्राम भदासना व भायपुर और कुंदरकी विकासखंड के ग्राम जटपुरा में गुरुवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने फीता काटकर चौपाल का शुभारंभ किया। ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याएं सीधे सुनकर त्वरित समाधान करना और सरक. ारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना था। चौपाल में वृद्धावस्था पेंशन, फॉर्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, सामा. जिक सुरक्षा योजनाएं, विद्युत और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से दिया जाए। किसी भी तरह की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान, महिला, वृद्ध और दिव्यांग तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना है। ग्राम चौपाल प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का तत्काल परीक्षण कर समय सीमा में निस्तारण करने और प्रगति रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों के स्टाल लगे थे, जहां संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुंचने पर संतोष जताया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन की भावना के अनुरूप ग्रामीण विकास को गति देने की दिशा में अहम कदम साबित हुआ।



### दिवंगत नेता राजपाल सिंह प्रजापति को श्रद्धांजलि देने पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह



**कांठ ( शाह टाइम्स )** भाजपा के पूर्व कांठ मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति को आज श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा के दिग्गज नेता पहुंचे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह आदि ने उनके यहां पहुंच कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्ति की और 13 वीं कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय राजपाल सिंह प्रजापति का कार दुर्घटना में निधन हो गया था। आज तेरहवीं कार्यक्रम में भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, जिलाअध्यक्ष आकाश कुमार पाल, जिला सहकारिता के अध्यक्ष चौधरी विजय भान सिंह, गन्ना डायरेक्टर गजेंद्र पाल सिंह चौहान, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, निवर्तमान विधायक राजेश कुमार चुन्नू, मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, चौधरी हुकम सिंह, सत्यवान सिंह राजपूत, ঘ राजन बिश्नोई,ब्लॉक प्रमुख ठाकुरद्वारा वीर सिंह सैनी,प्रमोद चौहान, अमित चौहान, मुकेश महेश्व. री, मास्टर सुरेंद्र सिंह, देवराज सिंह जाटव , जिला उपाध्यक्ष अनीता, ब्लाक प्रमुख राजपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह सैनी कमल प्रजापति, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बलवंत सिंह रिजवान अली, साजिद इदरीसी आदि सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# टिमिट में बीबीए एवं बीबीए-आईबी फाइनल ईयर के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) में बीबीए एवं बीबीए-आईबी फाइनल ईयर के छात्रों के लिए ''फेयरवेल पार्टी'' का भव्य एवं यादगार आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, संगीत एवं फैशन शो से हुई, जिसने पूरे वातावरण को जीवंत और उत्सवमय बना दिया। छात्रों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का परिचय दियज्ञ इस अवसर पर विभिन्न आकर्षक उपाधियों से छात्रों को सम्मानित किया गया। बीबीए के अंतर्गत मिस्टर फेयरवेल आदित्य मेहरा, मिस फेयरवेल खुशी गुप्ता, मिस्टर परफेक्ट अभिनव, मिस परफेक्ट खुशी मग्गू, मिस्टर हैंडसम सुहैल, मिस ब्यूटीफुल माही, मिस्टर वर्सेटाइल अलंकृत, मिस वर्सेटाइल कीर्ति तथा मिस्टर स्पार्क ईशान और मिस स्पार्क रति पांण्डेय को सम्मानित किया गया। तथा बीबीए-आईबी के अंतर्गत मिस्टर फेयरवेल शुभम सिंह, मिस फेयरवेल अफ्शा, मिस्टर अटायर अथर्व, मिस अटायर ईशा व्हिग, मिस्टर स्पार्क अंश कत्याल, मिस स्पार्क ईवा तथा मिस्टर चार्मिंग हर्षित जैन (बीबीए) और मिस चार्मिंग पलक सिंह (बीबीए-आईबी) को सम्मान प्रदान किया गया। टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा, "आज का दिन केवल विदाई का नहीं, बल्कि आपके जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। आप सभी ने यहां जो ज्ञान, संस्कार और अनुभव प्राप्त किए हैं, वे आपके भविष्य की मजबूत नींव बनेंगे। जिस आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आप आगे बढ़ रहे हैं, वह निश्चित रूप से आपको सफलता के शिखर तक पहुंचाएगी। टिमिट परिवार को आप सभी पर गर्व है और हम आपकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। आप जहां भी जाएं, अपने संस्थान का नाम रोशन करें। "कार्यक्रम के अंत में डीन द्वारा सभी शिक्षकों, छात्र आयोजकों एवं सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक भावनात्मक विदाई के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत का प्रतीक बना।




# भाजपा जिला मंत्री बृजेश लोधी पर फिर दर्ज हुआ केस

## इस बार महिला ने लगाए भाजपा नेता सहित परिवार वालो पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद में भाजपा जिला मंत्री बृजेश लोधी एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते विवादों में आ गए हैं। एक महिला ने उन पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए दोबारा मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और शादी का वादा किया, जिसके आधार पर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब महिला ने शादी की बात की, तो आरोपी मुकर गया और विरोध करने पर उसे कथित रूप से धमकाया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे अपने घर बुलाकर मारपीट की और उसका बैग छीन लिया, जिसमें नकदी, कपड़े और सोने के आभूषण थे। इससे पहले भी इसी मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन दोबारा शिकायत के बाद मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है। घटना के बाद पीड़िता ने आरोपी के घर के बाहर धरना देकर न्याय की मांग की थी। अब पुलिस ने नया केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी मासूम झटककर सड़क पर गिरी, मौत

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट चौराहे पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी 6 वर्षीय बेटी झटककर सड़क पर गिर गई हादसे में उसकी मौके पर मृत्यु हो जबकि मां, पिता, बहन घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, संभल के गढी थाना क्षेत्र के मिलक मनिहार निवासी अमजद पुत्र एहसान पत्नी मरजीना, 6 वर्षिये बेटी जिया फातिमा एंव 3 वर्षिये आदिवा नूरी के साथ अपनी ससुराल भोजपुर थाना क्षेत्र के गोधी हमीरपुर से शुक्रवार सुबह 9. 30बजे बाइक से घर लौट रहा था जीरो प्वाइंट पार करते समय पीछे आ रहा ट्रक ने साइड मार दी जिससे जिया फातिमा झटककर सड़क पर गिर गई उसकी मौके पर मृत्यु हो गई जबकि अमजद, मरजीना आदिवा नूरी घायल हो गई है।

सूचना पर गई पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल भिजवा दिया,एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया जबकि चालक भाग गया है उसकी तलाश की जा रही है।

# टीएमयू में एक्सपर्ट्स बोले, इन्नोवेशंस ही सफलता की कुंजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन- डीआरडीओ के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. सुधीर खरे थ्योरीज, प्रोडक्ट्स, यूनिक आइडियाज, पेटेंट्स, कोलाबोरेटिव लर्निंग, लर्निंग हेबिट, डिसिप्लिन के प्रति मोटिवेट करते हुए बोले, जीवन में असफलता का कभी ठहराव नहीं होता है। उन्होंने जीवन में चरैवेति-चरैवेति के संग अपडेशन का मूल मंत्र देते हुए कहा, निरंतर हार्ड वर्किंग का प्रतिफल सफलता ही है। स्टुडेंट्स हमेशा प्रतिभा प्रदर्शन के प्लेटफॉर्म पर निड़र होकर अपना पक्ष रखें और सहयोग लेने में भी हिचक न करें। एआई को वरदान बताते हुए उन्होंने उम्मीद जताई, स्टुडेंट्स की क्रिएटिव सोच और ऊर्जा देश की रक्षा और विकास में अनमोल योगदान साबित होगी। साथ ही उन्होंने टीएमयू के स्टुडेंट्स को डीआरडीओ में इंटर्नशिप के लिए न्यौता दिया। वैज्ञानिक डॉ. खरे तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की ओर से मॉडर्न ट्रेंड्स इन कम्प्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- आईसीएमसीई 2026 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एज कंप्यूटिंग, फोटोनिक्स, एम्बेडेड सिस्टम, वीएलएसआई डिजाइन, साइबर सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग सरीखे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा, डीआरडीओ ने फाइटर जेट, मिसाइल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और सेंसर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में आकाश और ब्रह्मोस मिसाइल, एंटी-ड्रोन सिस्टम तथा हाई-पावर लेजर तकनीकों का सफल प्रदर्शन भारत की बढ़ती सामरिक क्षमता को दर्शाता है। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग कॉन्फ्रेंस का शंखनाद हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के संग-संग बतौर कीनोट स्पीकर डॉ. सरत सी. दास, गेस्ट ऑफ ऑनर्स- डॉ. वैभव गुप्ता और श्री अतुल जोशी,, डीन अकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, कॉन्फ्रेंस कन्वीनर्स- डॉ. अलका वर्मा, प्रो. गुलिस्ता खान, श्री प्रशांत कुमार आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही, जबकि कॉन्फ्रेंस में एचओडीज- डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह और डॉ. अशीष सिमल्टी, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. रवि जैन, श्री राहुल विश्नोई आदि भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन भी किया। सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी सत्रों में कॉन्फ्रेंस के पहले दिन 70 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए। संचालन डॉ. इंदु त्रिपाठी ने किया। उन्होंने ह्यूमन-इन-द-लूप की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि एआई सिस्टम में मानव नियंत्रण और निगरानी बनाए रखना जरूरी है, ताकि इसके निर्णयों को संतुलित और सुरक्षित बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने लर्निंग बाय डूइंग और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. सरत ने छात्रों से कक्षा के बाहर भी अपने प्रोजेक्ट्स और प्रयोगों पर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक ज्ञान और नवाचार ही भविष्य में सफलता की कुंजी हैं। दूरसंचार विभाग के डीसीए-टी श्री अतुल जोशी ने भारत की 6जी तकनीक में बढ़ती वैश्विक भूमिका और नवाचार पहलों पर प्रकाश डाला। श्री जोशी ने 5जी तकनीक में हुए नवाचार का उल्लेख करते हुए बताया, मात्र 2 किलोग्राम का पोर्टेबल 5जी कोर विक. सित किया गया है, जो लद्दाख और अरुणाचल जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी कनेक्टिविटी प्रदान कर सकता है। उन्होंने बताया, दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि के माध्यम से सरकार अकादमिक संस्थानों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स को 500 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, जिसके तहत वर्तमान में 120 से अधिक परियोजनाएं विकसित हो रही हैं। डीआरडीओ में सीनियर टेक्निकल ऑफिसर डॉ. वैभव गुप्ता ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर बताया, आधुनिक डिवाइस और रक्षा प्रणालियां अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और इंटीग्रेटेड सर्किट- आईसी तकनीक पर आधारित हैं, जिनमें निरंतर उन्नति हो रही है। डॉ. गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक कौशल और परियोजना आधारित सीखने पर ध्यान दें। उन्होंने ड्रीम डिटेक्ट-डिजाइन-डवलप के मंत्र के साथ नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अनुसंधान के माध्यम से ही भविष्य की तकनीकों का विकास संभव है। उन्होंने अंत में कहा कि छात्रों को शोध में जुनून के साथ आगे बढ़ना चाहिए। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्टुडेंट्स और रिसर्चर्स के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं नवाचार के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए कहा, वर्तमान समय अकादमिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में बदलने का है। इन स्टार्टअप्स को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत 70 लाख रुपये तक की फंडिंग भी प्राप्त हुई है। अंत में उन्होंने स्टुडेंट्स से आह्वान किया, वे नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि नवाचार करने वाले बनें। सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी बोले, कॉन्फ्रेंस ने वैश्विक स्तर पर शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और छात्रों को एक मंच पर लाकर विचार-विमर्श और नवाचार को नई दिशा दी। सम्मेलन का उद्देश्य नवीनतम शोध प्रस्तुत करना, ज्ञान का आदान-प्रदान करना और सार्थक सहयोग को बढ़ावा देना रहा है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एम्बेडेड सिस्टम, संचार प्रौद्योगिकी और अगली पीढ़ी की कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों पर विशेष चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस में डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. विभोर भारद्वाज, डॉ. दिप्तोनिल बनर्जी, श्रीमती निकिता जैन, श्री अरुण पिपरसेनिया, श्री नीरज कौशिक, श्री उमेश सिंह, श्री अरुण गुप्ता, श्री केबी आनन्द, श्री मयूर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




## खोया-पाया सूचना

सम्पत्ति म० सं० बी 1/37 आशियाना -2 मुरादाबाद का मूल आवंटन पत्र नं0 349 दि० 18.04.1998, मूल कब्जा पत्र दि० 18.7.2000 मूल बैनामा रजि०दिनॉक 29.5.2000, क० सं० 4640, मूल बैनामा रजि० दिनांक 16.2.2006 खो गये हैं जिसे मिले सूचित करें अन्यथा माना जावेगा उपरोक्त मूल दस्तावेज पूणतः पाक-साफ भारमुक्त हैं कोई क्लेम स्वीकार न होगा। उपरोक्त दस्तावेजों का प्रयोग अवैध माना जावेगा उक्त सम्पत्ति स्टेट बैंक होम लोन सेन्टर मुरादाबाद में बंधक की जावेगी।
**मनोज कुमार वर्मा पुत्र राज बहादुर वर्मा।** मो0 नम्बर- 9412145451

## बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खुद व विवाहित पुत्री इफरा व इल्मा व विवाहित पुत्री मुस्कान, हुमा, शाहिला सहित विवाहित पुत्र शुऐब एवं पुत्रवधू श्रीमती अनम खान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मोहम्मद सुलेमान पुत्र मोहम्मद शफी निवासी आजाद नगर राबिया मस्जिद के पास जयंतीपुर करूला, तहसील व जिला मुरादाबाद।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 691/2019
**तारीख पेशी:** 07.07.2026
जगदीश चन्द्र **बनाम** कलुआ आदि
जगदीश चन्द्र पुत्र स्व. रामलाल निवासी हाल मकान नम्बर 167 आवास विकास कालौनी सिविल लाईन तहसील व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. कलुआ, 2. सोनू, 3. रिंकू पुत्रगण भस्सू निवासीगण मालवीय नगर तहसील व जिला मुरादाबाद- **प्रतिवादीगण।** चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 17 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 01 को निकाली गयी है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी०डि०) न्यू कोर्ट नं0-2 मुरादाबाद।
**मूलवाद संख्या:** 498 सन 2024
**तारीख पेशी:** 27.05.2026
केनरा बैंक शाखा गुलाबबाडी द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति शिल्पी रस्तौगी पुत्री श्री बृज नन्दन रस्तौगी (शाखा प्रबन्धक) आयु लगभग 33 वर्ष कार्यालय केनरा बैंक शाखा गुलाबबाड़ी मुरादाबाद-244001 (उत्तर प्रदेश)-**मुद्दई।**
**बनाम**
श्री जफीर अहमद आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र श्री जमाल अहमद नि0 मकान नं० बी 40, एकता विहार (उत्तरी) रामपुर रोड, मुरादाबाद-244001-**मुद्दाअलह।** हरगाह केनरा बैंक, शाखा गुलाब बाड़ी मुरादाबाद ने आपके नाम एक नालिश बाबत ऋण वसूली के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 मई सन 2026 ई० वक्त 10.00 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जा जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपकी मनसुओ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज व तारीख 29 माह अप्रैल सन् 2026 ई० जारी किया गया है।
**अहलमद**
**ए०सी०जे०( सी०डि० ) न्यू कोर्ट नम्बर-02 जनपद-मुरादाबाद।**

# लोन माफी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** साइबर क्राइम थाना सम्भल पुलिस ने लोन माफी के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी कुलद. ीप सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य आम लोगों को लोन दिलाने और बाद में उसे माफ कराने का झांसा देकर उनके एटीएम कार्ड, पासबुक व चेकबुक अपने कब्जे में ले लेते थे। इसके बाद संबंधित बैंक खातों में फर्जी तरीके से मोबाइल नंबर बदलवाकर इन खातों का इस्तेमाल अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से प्राप्त धन के लेन-देन में किया जाता था।

मामले में पहले से दर्ज मुकदमों की विवेचना के दौरान सामने आया कि यह गिरोह "बीओबी777" नाम से फ्रेंचाइजी मॉडल पर अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म संचालित कर रहा था, जिसकी एक फ्रेंचाइजी दिल्ली के शालीमार बाग क्षेत्र में भी संचालित थी। गिरोह के संचालक विभिन्न राज्यों में नेटवर्क बनाकर गरीब व जरूरतमंद लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे और उनका दुरुपयोग करते थे। पुलिस ने बताया कि अब तक इस प्रकरण में 21 आरोपियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें से 11 को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। इसी क्रम में 30 अप्रैल 2026 को वंश साहनी निवासी गोला गोकर्णनाथ, जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्यागी व साइबर क्राइम थाना की टीम शामिल रही।

# केन्द्र ने मनाया गुजरात स्थापना दिवस, एचपीवी वैक्सीनेशन, स्वच्छता कार्यक्रम तथा कृषक गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रसार निदेशालय के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केन्द्र, द्वारा शुक्रवार को गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ठाकुरद्वारा पर एचपीवी वैक्सीन जागरूकता कार्यक्रम तथा केन्द्र के गोद लिए गए ग्राम फैजुल्लागंज में साफ-सफाई अभियान व कृषक गोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की कन्याओं को भ्च्ट वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया गया तथा टीकाकरण को प्रोत्साहित किया गया। ग्राम फैजुल्लागंज में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम व गोष्ठी के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वस्थ परिवेश ही उन्नत कृषि और खुशहाल जीवन का आधार है। प्रभारी अधिकारी ने ग्रामीण महिलाओं से आग्रह किया कि वे



अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएँ और इसे उसी प्राथमिकता से लें जैसे वे अपने खेत की मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास करती हैं। पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने कहा कि जिस प्रकार हम अपनी फसलों को रोगों व कीटों से बचाने के लिए समय पर उचित उपाय करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमारी बेटियों को भी भ्च्ट जैसे गंभीर वायरस से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जैसे फसल में रोग लगने से पहले निवारक छिड़काव किया जाता है, वैसे ही एचपीवी वैक्सीन भी एक निवारक सुरक्षा कवच है जो भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारी से बच्चियों की रक्षा करता है। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए यह भी बताया कि खेत हो या घर, गंदगी ही रोगों की जननी है तथा स्वच्छ वातावरण न केवल फसल को, बल्कि हमारे परिवार को भी स्वस्थ रखता है।

वहीं सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने बालिकाओं में होने वाले गंभीर रोगों से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन की आवश्यकता और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तार से अपने विचार रखे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने ग्रामीणों और उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा अधीक्षक डॉ शिल्पी चौधरी, डॉ जुनैद आलम, नरेश सिंह, आशू गुप्ता, शोएब खान व ज्योति सिंह तथा अन्य कर्मियों ने प्रतिभाग किया।गोष्ठी में ब्रह्मपाल, प्यारे सिंह, सतेंद्र सिंह, भीम सिंह आदि लगभग 32 ग्रामीण एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। केंद्र के कर्मचारी पुष्पराज यादव व दिनेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद में आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा की कार्यकत्रियों ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए अपनी लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।



जिलाध्यक्ष विनीता शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तहसील परिसर पहुंचीं और प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। कार्यकत्रियों ने स्पष्ट किया कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं का समर्थन करती हैं और सरकार के विरोध में नहीं हैं, लेकिन इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं आज भी अपने मूल अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। जिलाध्यक्ष विनीता शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां गांव-गांव जाकर सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाती हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में भी कई बार शासन-प्रशासन के समक्ष मांगें रखी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा और यह केवल धरना-प्रदर्शन तक सीमित न रहकर जनआंदोलन का रूप ले सकता है। ज्ञापन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की 10 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रशासन से इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान की मांग की गई। इस दौरान सुधा, सुबोध, कविता, नीतू, विमलेश, कृष्णा, नाजिया, तनवीर, कुसुम शर्मा, पुष्पा शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# श्रम दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया अटल आवासीय विद्यालय पीपली के छात्र उदय प्रताप को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्रम दिवस पर राजधानी लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न अटल आवासीय विद्यालयों से चयनित पांच-पांच छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए। इस दौरान अटल आवासीय विद्यालय पीपली के छात्र उदय प्रताप को भी सम्मानित किया गया। उदय प्रताप ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, शिक्षकों और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष अटल आवासीय विद्यालय पीपली के अधिकांश विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित शैक्षिक वातावरण, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अटल आवासीय विद्यालय पीपली, मुरादाबाद प्रारंभ में बुलंदशहर स्थित अटल आवासीय विद्यालय परिसर में संचालित हो रहा था। बाद में जुलाई 2025 में इसे मुरादाबाद जनपद के पीपली स्थित अपने स्थायी परिसर में स्थानांतरित किया गया। इसके बाद छह अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री ने विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया था। श्रम दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह ने प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ अटल आवासीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को भी नई पहचान दी है। उदय प्रताप की सफलता से क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है तथा लोग उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा दल द्वारा शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध एवं महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं एम्बुलेंस सेवा 108 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थानों की हेल्प डेस्क तथा राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोग के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

## एक नजर

### प्रोफेसरों की कमी से जूझ रहे महाविद्यालय

**चन्दौसी।** महाविद्यालयों में प्रोफेसरों की लगातार घटती संख्या के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई विषयों में विशेषज्ञ अध्यापकों के अभाव से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने में कठिनाई हो रही है। खासतौर पर स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में यह समस्या अधिक देखने को मिल रही है, जहां नियमित और अनुभवी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उच्च शिक्षा क्षेत्र में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाती है। इनकी योग्यता, वेतन निर्धारण एवं चयन प्रक्रिया पर राज्य सरकार स्तर पर विचार कर निर्णय लिया जाता है। चयन के लिए संबंधित विषय के विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया जाता है, जिसमें से प्रबंधतंत्र विशेषज्ञों का चयन करता है। स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रायः संविदा के आधार पर की जाती है। संविदा अवधि समाप्त होने पर प्रबंधतंत्र पुनः चयन प्रक्रिया शुरू करता है, हालांकि पूर्व में कार्यरत शिक्षक के नाम पर भी विचार किया जाता है।

शिक्षकों को सेवा छोड़ने के लिए तीन माह पूर्व नोटिस देना होता है, जबकि असंतोषजनक कार्य की स्थिति में प्रबंधतंत्र अनुशासनात्मक कार्रवाई कर शिक्षक को सेवा से हटा सकता है। ऐसी स्थिति में कुल. पति की स्वीकृति आवश्यक होती है। नियुक्ति के समय शिक्षकों से अनुबंध पत्र लिया जाता है, जिसमें वेतन, अवकाश एवं अन्य शर्तों का स्पष्ट उल्लेख होता है। इस अनुबंध की एक प्रति महाविद्यालय और एक विश्वविद्यालय को भेजी जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए स्थायी नियुक्तियों और बेहतर वेतन व्यवस्था पर ध्यान देना आवश्यक है।

### बुद्ध जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह का दिखा संगम

**चन्दौसी।** शुक्रवार को बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा का शुभारंभ सिद्धार्थ बुद्ध बिहार, कैथल गेट से हुआ। आयोजन भारतीय बौद्ध संस्कार संघ, चन्दौसी के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु,



महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान बुद्ध के जीवन एवं उनके उपदेशों अहिंसा, शांति, करुणा और समता को दर्शाती आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। बैंड-बाजों और ध्वजों के साथ निकली यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरा वातावरण 'बुद्धं शरणं गच्छामि' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य भगवान बुद्ध के विचारों को जन-जन तक पहुंच. ाना और समाज में शांति, भाईचारा एवं समानता का संदेश फैलाना है। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और अंत में सभी श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुष्पा बौद्ध, हेमराज बौद्ध, अरविंद अंबेडकर, गौरी बौद्ध, कंचन बौद्ध सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर घर-घर यज्ञ कर जीवन की गरिमा सीखी

**भगतपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने जनपद के विभिन्न गांवों में घर-घर यज्ञ कर बुद्धत्व की प्रेरणा दी। 1 मई 2026 को ब्लॉक भगतपुर टांडा के चांदपुर, मिल्क जलपुर, भोजपुर, उदमा वाला, भानपुर आदि गांवों में गृह यज्ञ आयोजित किए गए। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व ब्लॉक समिति संचालक डॉ. लखपत सिंह ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में गृह यज्ञ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के अध्यात्मिक जीवन से हमें मानव जीवन की गरिमा का पाठ सीखना चाहिए। संयम, अहिंसा और करुणा के संदेश को आत्मसात करना ही इस यज्ञ का उद्देश्य है। वहीं, ब्लॉक डिलारी के फतनपुर कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को संदेश दिया कि बुद्ध का मध्यम मार्ग ही विश्व शांति का आधार है।


## संबंध विच्छेद सूचना

मैने अपने पुत्र महेन्दी व उसके बच्चों से अभद्र व्यवहार करने और आए दिन मारपीट व अपमानित करने के कारण अपनी चल अचल संम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यो की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। अहमद हसन पुत्र छुट्टी निवासी ग्राम अस्लेमपुर थाना व तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पिता हरिओम सैनी, भाई भूपेन्द्र सैनी, बहन डोली सैनी व भाभी नेहा सैनी को दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **लक्ष्मन सैनी पुत्र हरिओम सैनी निवासी फैजगंज पुलिस चौकी के पीछे, जिला मुरादाबाद।**



## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## खोया-पाया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नंबर-बी-155 स्थित एकता विहार उत्तरी योजना एमआईजी जो रफत जहां से खरीदा था का मूल आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। उरमान अली पुत्र श्री अशरफ अली निवासी रामपुर भीला पोस्ट सरकड़ा खास थाना मुंढापाण्डे, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर -8449 356059

सम्मन वास्ते उमूर करारदात उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय अपर सिविल जज (सी0 डि0) महोदय, मुरादाबाद।**

**मूलवाद संख्या:** 03 सन् 2025

**तारीख पेशी:** 20.05.2026

**श्रीमति अर्चना रस्तौगी आदि प्रति श्रीमति कमलेश रस्तौगी आदि।**

**बनाम**

1. श्रीमति रंजना रस्तौगी पत्नी श्री योगेन्द्र रस्तौगी, 2. श्री योगेन्द्र रस्तौगी पुत्र स्व0 श्री सत्यवीर रस्तौगी निवासीगण मौहल्ला गणेश नगर व जनपद मुरादाबाद, 3. श्रीमति सुहानी उर्फ गुड़िया पत्नी श्री कमल खन्ना पुत्री स्व० श्री शिव शंकर निवासनी मौहल्ला जाटो गली मुरादाबाद, 4. श्रीमति प्रियंका उर्फ चुनमुन पत्नी स्व० श्री राजीव कुमार यादव पुत्री स्व० श्री शिव शंकर निवासनी मौहल्ला जाटो गली मुरादाबाद। उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय की तारीख दिनांक 20.05.2026 को दिन के 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिये हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में उपरोक्त तिथि पर स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे व शक्ति में हो उन्हें पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है, आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि पर इस न्यायालय में हाजिर नही हुये तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनाँक 01.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबदा।**


### बुद्ध पूर्णिमा पर अम्बेडकर पार्क में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क, ठाकुरद्वारा में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर तथागत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बहुजन समन्वय समिति के मंडल संयोजक चन्दन सिंह रैदास ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने करुणा, अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया। उन्होंने सभी से बुद्ध के बताए इसी मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव डॉ. रामपाल गौतम ने भी भगवान बुद्ध और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पदचिन्हों पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि अहिंसा और करुणा के साथ जीवन जीना ही मानवता की सबसे बड़ी पूजा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष शिवलाल सागर (रोहित सागर), सभासद राकेश सागर, सभासद अमित, अर्जुन चेतन, ईश्वर सागर, लवकुश, अजय अम्बेडकर, मो. हित सागर, भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष केशोराव, जिला उपाध्यक्ष शेखर, गौतम, डी.के. भारती, शेर सिंह सागर, ध्यान सिंह, समीर सैफी (नगर अध्यक्ष, बसपा) व अर्जुन चेतन (पूर्व विधानसभा) समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

पत्रांक 75-W/2/3/WA/Publication — दिनांक : 30.04.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 40-DRM-MB-26-27 dt. 30.04.2026 |
| Name of work | Heavy repair to leaky roof of staff quarters in south, loco and north colonies and other allied works under ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date | 25.05.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,43,09,888.09 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,86,200.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 11.05.2026 |
| Period of Completion | 6 Months |

1454/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 38-DRM-MB-26-27 Dt. 29.04.2026 | 39-DRM-MB-26-27 Dt. 29.04.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | CTR(P)- 10.913 TKM of loop lines in the jurisdiction of SSE/ P.way/RK under ADEN/RK | CTR(P)-6.685 TKM of loop lines in the jurisdiction of SSE/ P.way/LRJ under ADEN/RK |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 4,52,63,630.88 | 3,33,13,949.38 |
| धरोहर राशि (रु.) | 9,05,300.00 | 6,66,300.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 28.05.2026, 16:00 | 28.05.2026, 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 14.05.2026 | 14.05.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication — दिनांक : 30.04.2026 — 1461/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी, जनपद-मुरादाबाद

पत्रांक:- 41/ न०प० महा०मा०/2026-27 — दिनांक:- 01.05.2026

### ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण/पंजीकृत विक्रेताओं/सप्लायर्स आदि को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत महमूदपुर माफी द्वारा संचालित कान्हा पशु आश्रय गौशाला में संरक्षित निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण हेतु वर्ष 2026-27 में गेहूं भूसा,, हरा चारा, साइलेज, खल गोली पशु आहार, चौकर, मिनरल मिक्चर, नमक, गुड़ आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनाँक 11.05.2026 दोपहर 01:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त सामग्री की आपूर्ति की निविदा दिनांक 11.05.2026 को 02:00 PM बजे कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मुरादाबाद में उपस्थित/अनुपस्थित ई-निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी। निविदा आमंत्रणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह की जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाईटhttp//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। अन्य नियमो व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी बेबसाइट https://etender. Up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत महमूदपुर माफी, जनपद मुरादाबाद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में संरक्षित निराश्रित गोवंश के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में गेहू भूसा, हरा चारा, खल गोली पशु आहार, चौकर, साईलेज, नमक, गुड़, मिनरल मिक्चर आदि सामान की आपूर्ति कार्य। | 500+90 (जीएसटी) =590/- | रू0 10000 |

| S.No | Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Document Publication Date | 02.05.2026 | 12:00 PM |
| 2. | Bid Submission Start Date | 02.05.2026 | 02:00 PM |
| 3. | Bid Submission Deadline | 11.05.2026 | 01:00 PM |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 11.05.2026 | 02:00 PM |
| 5. | Financial Bid Opening Date | After Approval Of Technical Bid | |

**(अरविन्द कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**मुरादाबाद।**

**(बबीता देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**मुरादाबाद।**


# शादी का झांसा देकर तीन साल तक शोषण

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के एक गांव की युवती ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने आरोप लगाया है कि एक युवक और उसके परिवार ने तीन साल तक शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया, और जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी देने के साथ ही गैंगरेप की भी धमकी दी। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में बताया थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव की रहने वाली है। जबकि युवक थाना डिलारी के गांव अल्हेपुर निवासी है। उसने कथित तौर पर तीन साल तक शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ बलात्कार किया और लगातार उसका यौन शोषण करता रहा। पीड़िता के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 को आरोपी के परिवार के लोग उसके घर आए और शादी करने से साफ मना कर दिया। जब पीड़िता ने उन्हें बताया कि उनका लड़का उसके साथ बलात्कार करता रहा है, तो परिवार के लोगों ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उसने यह बात किसी को बताई, तो उसे और उसके परिवार को मार दिया जाएगा। पीड़िता ने पत्र में आगे लिखा है कि 29 अप्रैल 2026 को रात करीब 8 बजे, आरा. ेपी और चार अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए, उसे बुरी तरह पीटा, जान से मारने की धमकी दी और कहा - अब तेरे साथ हम गैंगरेप करेंगे। इसके बाद पीड़िता ने उसी दिन थाना ठाकुरद्वारा पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। पुलिस ने जांच का भरोसा देकर टाल दिया। 1 मई 2026 को जब वह दोबारा थाने गई, तो आरोप है कि वहां के पुलिसकर्मियों ने उसके साथ अभद्रता की, और थाने से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

# RR ने दिल्ली को 226 का टारगेट दिया

### पराग शतक से चूके फरेरा के तेज 47 रन स्टार्क को 3 विकेट



राजस्थान रॉल्स के कप्तान रयान पराग को अर्द्धशतक बनाने पर बधाई देते जुरेल।

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को दिल्ली कैपिल्टस के खिलाफ 226 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। होम टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली।

50 बाल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बाल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर में टी. नटराजन ने 18 रन खर्च कर दिए। फरेरा ने उनके इस ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। ओवर की पहली बाल पर नजराजन ने शुभम दुबे को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर में राजस्थान ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डोनोवान फरेरा ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। उन्होंने आखिरी बाल पर छक्का भी लगाया। 18वें ओवर में कुलदीप यादव ने 20 रन खर्च कर दिए। डोनेवान फरेरा ने कुलदीप यादव के इस ओवर में तीन छक्के लगाए। उन्होंने तीसरी, चौथी और छठी बाल पर सिक्स लगाया। 17वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बाल पर रवींद्र जडेजा (20 रन) को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। फिर चौथी बाल पर रियान पराग (90 रन) को अक्षर पटेल से कैच कराया। स्टार्क ने यशस्वी जायसवाल का विकेट भी लिया। 16वें ओवर में रियान पराग ने काइल जैमिसन की बाल पर लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने दूसरी, तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। जैमिसन के इस ओवर से 15 रन आए। 13वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा रनआउट होने से बच गए। नटराजन की गेंद आफ स्टंप के काफी बाहर थी। जडेजा ने इसे हल्के से थर्ड मैन की तरफ खेला और ऐसे रन के लिए दौड़ पड़े, जो था ही नहीं। वे तो क्रीज में वापस आने की कोशिश भी छोड़ चुके थे, लेकिन बैकवर्ड पाइंट से अशुतोष का थ्रो काफी दूर से चूक गया और बड़ा मौका निकल गया। 12वें ओवर की चौथी बाल पर अक्षर पटेल ने ध्रुव जुरेल को ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी बनते ही टूट गई। इससे पहले तीसरी बाल पर जुरेल ने छक्का लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया था।

## हैदराबाद ने शिवम की जगह अंबरीश को टीम में लिया



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए शिवम मावी की जगह आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया है। शिवम मावी, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं, ग्रोइन में चोट लगने के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं। आरएस अंबरीश, जो एक ऑलराउंडर हैं, आईसीसी मेन्स अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह इस टूर्नामेंट में भारतीय अंडर-19 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त खिलाड़ी भी थे, उनके नाम 11 विकेट थे। अंबरीश, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, एसआरएच में 30 लाख रुपये में शामिल होंगे।

**खेल विशेष**

### चोटिल सैंटनर एक महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर कंधे में लगी गंभीर चोट के कारण कम से कम एक महीने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। आज यहां न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि सैंटनर को ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट है, जिससे वह आयरलैंड के एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। सैंटनर को 23 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए फील्डिग करते समय कैच लेने के प्रयास में कंधे पर चोट लगी थी। उनका सिर भी जमीन पर टकरा गया था जिसके बाद मुम्बई इंडियंस ने उनके कनकशन रिप्लेसमेंट के तौर पर शार्दुल ठाकुर को बुलाया। बाद में उन्हें ड्रेसिग रूम में कंधे

### भारतीय टीमें टेबल टेनिस चैंपिशिप में स्टेज 2 में पहुंची

**लंदन।** भारत की पुरु और महिला टीमें अपने-अपने स्टेज 1 ग्रुप में जीत के साथ शीर्ा पर रहने के बाद आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के स्टेज 2 में पहुंच गईं। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने रवांडा को 3-0 से हराया, जबकि पुरुों ने ओवीओ एरिना वेम्बली में ग्वाटेमाला को हराया। इससे पहले, भारतीय महिलाओं ने युगांडा के खिलाफ वॉकओवर के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर अपने दूसरे मुकाबले में यूक्रेन को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 6 में शीर्ा पर रहीं। दूसरी ओर, भारतीय पुरु टीम ने अपने पहले मुकाबले में ट्यूनीशिया को 3-0 से हराया और फिर दूसरे मुकाबले में स्लोवाकिया को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 7 में शीर्ा पर रहीं। वर्ल्ड नंबर 48 और ओलंपियन मनिका बत्रा ने भारतीय महिला टीम के लिए शुरुआत की, उन्होंने चैंटल हिरवा को 3-0 (11-3, 11-3, 11-3) से आसानी से हरा दिया।

### इन्फेंटिनो ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी की पुष्टि की

**वैंकूवर, वार्ता।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने गुरुवार को फिर से पुटि की कि ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा और अपने मैच अमे. रिका में ही खेलेगा, जैसा कि पहले से तय था। इन्फेंटिनो ने वैंकूवर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 76वीं फीफा कांग्रेस के दौरान ए बातें कहीं। हालिया क्षेत्रीय तनावों के बीच ईरान की भागीदारी को लेकर चल रही अफवाहों पर बात करते हुए इन्फेंटिनो ने कहा कि मैं सीधे तौर पर यह पुटि करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहूंगा कि, बेशक, ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा। और निश्चित रूप से, ईरान अपने मैच अमेरिका में ही खेलेगा। यह पुटि तब सामने आई जब ईरानी अधिकारियों ने पहले सुझाव दिया था।

## 17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर कुमार के पास



**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट लेते हुए पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। इस सीजन में उन्होंने पांचवीं बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है।

भुवनेश्वर कुमार ने गुरुवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही इस सीजन उनके कुल 17 विकेट हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ईशान मलिगा 15 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कगिसो रबाडा के हाथ गुरुवार को एक ही विकेट लगा और तीसरे स्थान पर 14 विकेट के साथ वह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं ऑरेंज कैप को लेकर इस मैच में अधिक बदलाव नहीं हुआ, इसलिए क्योंकि विराट कोहली ने 28, शुभमन गिल ने 43 रन बनाए लेकिन यह काफी नहीं था। बी साई सुदर्शन भी मात्र छह ही रन बना पाए। इसके परिणामस्वरूप बुधवार रात तक पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे अभिोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी अपने-अपने स्थान पर बने हुए हैं। इसके साथ ही यह तीन मात्र ऐसे बल्लेबाज हैं।

## आखिरी उम्मीद बनाए रखने के लिए उतरेंगे मुंबई इंडियंस



**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 44वें मैच में एक बार फिर दो पुराने राइवल आमने-सामने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घर में मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना करेगी और सीजन में दूसरी बार उन्हें हराने की कोशिश भी करेगी। इस सीजन आठ में से छह मैच गंवा चुकी मुंबई भी कोशिश करेगी कि अपने घर में मिली करारी हार का बदला चेपक में ले पाए। हालांकि, उनके लिए यह आसान नहीं होने वाला है।

मुंबई के लिए यह मैच आखिरी उम्मीद बनाए रखने वाला मैच है जबकि एक जीत चेन्नई को प्लेऑफ की होड़ में बनाए रखेगी। बुमराह और बोल्ट लेंगे सीएसके की सलामी जोड़ी की परीक्षा जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में सीएसके की सलामी जोड़ी ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन को जल्दी आउट करने की कोशिश करेंगे। बोल्ट पहले ही दोनों को तीन-तीन बार आउट कर चुके हैं, जो उन्हें एक बड़ा खतरा बनाता है। गायकवाड़ ने बोल्ट के खिलाफ छह पारियों में सिर्फ 34 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 110 है। जबकि बुमराह के खिलाफ गायकवाड़ ने चार पारियों में 29 रन बनाए हैं और एक बार भी आउट नहीं हुए और उनका स्ट्राइक रेट 153 रहा है। वहीं सैमसन का रिकॉर्ड बुमराह के खिलाफ 14 पारियों में 84 रन और दो बार आउट हुए हैं जबकि उन्होंने 114 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। बोल्ट के खिलाफ आठ पारियों में उन्होंने 32 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 119 का रहा है। मुंबई के मिडिल ऑर्डर के सामने स्पिनर्स की चुनौती मुंबई के मिडिल ऑर्डर सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या को नूर अहमद और अकील हुसैन जैसे स्पिनर्स के खिलाफ चुनौती का सामना करना होगा।

## पर्याप्त सबूत, वैध नहीं था होल्डर का कैचः इयान बिशप



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर इयान बिशप का मानना है कि गुजरात टाइटंस (जीटी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच गुरुवार की रात खेले गए मैच में जेसन होल्डर द्वारा रजत पाटीदार का पकड़ा गया कैच पूरी तरह वैध नहीं था।

इयान बिशप ने क्रिकइंफो के स्टूडियों में अभिनव मुकुंद के साथ होल्डर के कैच पर चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेरी बहस इस चीज पर होगी: जेसन होल्डर ने पहले गेंद को पकड़ा जिसमें कोई समस्या नहीं थी। फिर शुरुआत में जब उनका हाथ स्लाइड कर रहा था तो उस पर विशो ध्यान दिया जाना चाहिए था। इसके बाद हाथ के नियंत्रण की बात करते हैं और साथ ही शरीर के नियंत्रण की भी। जब आप मैदान पर स्लाइड करने के बाद खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं तो क्या वे ए मान रहे हैं कि उंगलियां गेंद के नीचे थीं। उन्होंने कहा कि क्योंकि हाथ का पिछला हिस्सा ऊपर की ओर था जिसका मतलब है कि गेंद मैदान की ओर थी। अब मेरे लिए संदेह की बात गेंद और जमीन को लेकर है क्योंकि जब तक आप स्लाइड करना नहीं रोक लेते हैं और वापस खड़े हो जाते हैं तब आपका शरीर पूरी तरह नियंत्रण में नहीं है। तो, आउट या नॉट आउट। मुझे लगता है कि मेरे दिमाग में इस बात के पर्याप्त सबूत थे कि ए 'नॉट आउट' था। मैं जानता हूं कि नियमों में भी काफी अस्पटता है। लेकिन यदि गेंद जमीन पर छू रही है तो मेरे लिए ए नॉट आउट है। जो मैंने देखा वह मुझे भरोसा है कि टीवी अंपायर ने भी देखा होगा और हमारे ढेर सारे दर्शकों ने भी कि गेंद जमीन पर छू रही थी। अभिनव मुकुंद ने कहा कि एमसीसी के क्रिकेट के नियम कहते हैं कि कैच तभी वैध माना जाता है जब फील्डर का गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरी तरह नियंत्रण रहे इससे पहले कि गेंद जमीन को छू जाए। इससे कैच वैध माना जाएगा।

## सायली सतघरे, साइमा ठाकोर व हुमैरा 'आइकन प्लेयर्स' घोषित

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने सायली सतघरे, साइमा ठाकोर और हुमैरा काजी को पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए 'आइकन प्लेयर्स' के तौर पर घो. ित किया है। यह इस प्रतियोगिता के पहले सीजन से पहले इसे आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

सायली 'सोबो मुंबई फाल्कन्स' का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि साइमा और हुमैरा क्रमशः 'ठाणे स्काई राइजर्स' और 'आकाश टाइगर्स' टीम में शामिल होंगी। सायली और साइमा, दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंरर्राट्रीय अनुभव लेकर आएंगी, वहीं, हुमैरा घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं और उन्हें 'इंडिया-ए' टीम के साथ खेलने का अनुभव भी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिक्य नाइक ने कहा कि आइकन प्लेयर्स का चयन पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है। इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है, जो प्रतिभाओं को निखारे, घरेलू क्रिकेट की संरचना को मजबूत करे और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान दे। ए खिलाड़ी अपने साथ बेजोड़ गुणवत्ता, अनुभव और नेतृत्व क्षमता लेकर आती हैं, जिससे इस प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा उठेगा और पूरे शहर की युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राजदीप गुप्ता ने आगे कहा कि ए आइकन प्लेयर्स टीमों की मजबूत पहचान बनाने और एक प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी। इनकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि लीग की शुरुआत अनुभव और उत्साह के सही तालमेल के साथ हो, क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला क्रिकेट के लिए एक उच्च-प्रदर्शन वाला मंच तैयार करना है। टी-20 मुंबई लीग और टी-20 मुंबई महिला लीग, दोनों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी शनिवार (2 मई) को होगी, जिसका जियो हॉटस्टार पर सुबह 9 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नीलामी के लिए कुल 2,411 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 2,048 पुरु और 363 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह आंकड़ा शहर में मौजूद क्रिकेट प्रतिभाओं के विशाल दायरे और गहराई को दर्शाता है।

## इस सीजन के आखिर में टेनिस खिलाड़ी निशिकोरी केई लेंगे संन्यास

**टोक्यो, वार्ता।** ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरु और रियो ओलंपिक 2016 के कांस्य पदक विजेता जापान के निशिकोरी केई ने इस सीजन के आखिर में टेनिस से संन्यास लेने की घोणा की है।

36 साल के निशिकोरी केई ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर जापानी और इंग्लिश में लिखा कि आज, मैं एक घोणा कर रहा हूं। मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब मैं बच्चा था, तब से मुझे टेनिस का जुनून रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है 'मैं वर्ल्ड स्टेज पर मुक. ाबला करना चाहता हूं। एटीपी टूर तक पहुंचना, सबसे ऊंचे स्तर के मुकाबले में खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीज है जिस पर मुझे बहुत गर्व है। चाहे जीत हो या हार, खचाखच भरे एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता। निशिकोरी ने पहली बार पांच साल की उम्र में रैकेट उठाया था, और 13 साल की उम्र में चले गए। उन्होंने फरवरी 2008 में डेलरे बीच ओपन में टूर पर अपना पहला खिताब जीता। जापान के पहले पुरु खिलाड़ी जो कभी टॉप 10 में पहुंचे, निशिकोरी ने 2014 में यूएस ओपन सेमीफाइनल में उस समय के टॉप रैंक वाले नोवाक जोकोविच को हराया (वह चैंपियनशिप मैच में मारिन सिलिक से हार गए)। रियो में अपने दूसरे ओलंपिक में, निशिक. ोरी ने कांस्य पदक मुकाबले राफेल नडाल को हराया। हालांकि, निशिकोरी अपने पीक सालों में कई चोटों के कारण एक मुश्किल ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का मौका चूक गए। अभी उनके करियर में 451 जीत और 12 खिताब हैं। निशिकोरी ने कहा कि ऐसे भी समय थे जब बार-बार चोट लगने की वजह से मैं फ्स्ट्रेशन और एंग्जायटी से बहुत ज्यादा परेशान हो जाता था, जिससे मैं जैसा चाहता था वैसा नहीं खेल पाता था। फिर भी, टेनिस के लिए मेरा प्यार और मेरा यह विश्वास कि मैं एक मजबूत खिलाड़ी बन सकता हूं, मुझे हमेशा कोर्ट पर वापस लाता था। मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जदिगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है।

## फेडरर, नडाल व सिनर की उपलब्धि की बराबरी कर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव



**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर अपनी शानदार निरंतरता बनाए रखी, जहां उन्होंने फ्लेवियो कोबोली को आसानी से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

म्यूनिख सेमीफाइनल में कोबोली से हारने के ठीक 12 दिन बाद, ज्वेरेव ने मनोलो सैन्टाना स्टेडियम के अंदर 6-1, 6-4 की जबरदस्त जीत के साथ पासा पलट दिया। दो बार के मैड्रिड चैंपियन ने स्पेनिश राजधानी में अपने चौथे सेमीफाइनल के रास्ते में, अपनी पहली सर्विस पर 39 में से सिर्फ सात अंक गंवाए। ज्वेरेव ने कहा कि कोई बदला नहीं। मैं फ्लेवियो को पसंद करता हूं। वह टूर पर मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक है।

मेरे उसके साथ और उसके पिता के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। यह खेल हैं, खेल बहुत तेजी से बदल सकता है। म्यूनिख में, उसने एक शानदार मैच खेला और मैंने बहुत अच्छा मैच नहीं खेला। आज, शायद इसका उल्टा हुआ। अपनी 90 मिनट की जीत के साथ, ज्वेरेव 1990 में इस सीरीज के शुरू होने के बाद से, सीजन के पहले चार मास्टर्स 1000 इवेंट में से हर एक के सेमीफाइनल में पहुं. चने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने रोजर फेडरर (2006), राफेल नडाल (2010, 2011) और जानिक सिनर (2026) की बराबरी की है। एटीपी रैंकिंग में नंबर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव इस साल इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में इसी चरण में सिनर से हार गए थे। मैड्रिड सेमीफाइनल में अपने 3-0 के शानदार रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने की चाह में, ज्वेरेव का अगला मुकाबला शुक्रवार शाम के सेशन में 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स से होगा। ब्लॉकक्स, जो वर्ल्ड नंबर 69 हैं, ने इससे पहले डिफेंडिग चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में बुर्कानशीं महिला के साथ सरेराह अश्लील हरकत करने वाले आरा.पी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। यह घटना उस समय सुर्खियों में आई थी जब छेड़छाड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था, जो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था।जानकारी के अनुसार मुगलपुरा थाना क्षेत्र के बरवलान मोहल्ले में एक बुर्कानशीं महिला सड़क से गुजर रही थी, तभी पीछे से आ रहे एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। महिला के विरोध के बावजूद आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू की।



जांच के दौरान आरोपी की पहचान मुगलपुरा क्षेत्र निवासी नोशाद के रूप में हुई। पुलिस ने पीड़िता को तलाश कर उसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी रामगंगा नदी किनारे मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी को लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना को स्वीकार कर लिया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और कानून के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# ट्रक की टक्कर से 6 साल की मासूम बच्ची की मौत, मां और बेटी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र रामपुर दोराहा जीरो पॉइंट पर एक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम बच्ची जिया खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां मरजीना और छोटी बहन अदीबा नूरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजमत खान निवासी मिल्क सिरसी, थाना हजरतनगर गढ़ी अपने परिवार के साथ बाइक से एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि वह मुमे.हरा भाई की शादी में गोट गांव गए थे और वहीं से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रामपुर दोराहा जीरो पॉइंट के पास पहुंची, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए। इस हादसे में 6 साल की बच्ची जिया खान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसकी मां मरजीना और तीन साल की बहन अदीबा नूरी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।इस दर्दनाक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मासूम जिया की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## बिलारी समाचार

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी मासूम झटककर सड़क पर गिरी, मौत

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट चौराहे पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी 6वर्षीय बेटी झटककर सड़क पर गिर गई हादसे में उसकी मौके पर मृत्यु हो जबकि मां, पिता, बहन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, संभल के गढी थाना क्षेत्र के मिलक मनिहार निवासी अमजद पुत्र एहसान पत्नी मरजीना, 6 वर्षिये बेटी जिया फातिमा एंव 3 वर्षिये आदिवा नूरी के साथ अपनी ससुराल भोजपुर थाना क्षेत्र के गोधी हमीरपुर से शुक्रवार सुबह 9.30बजे बाइक से घर लौट रहा था जीरो प्वाइंट पार करते समय पीछे आ रहा ट्रक ने साइड मार दी जिससे जिया फातिमा झटककर सड़क पर गिर गई उसकी मौके पर मृत्यु हो गई जबकि अमजद, मरजीना आदिवा नूरी घायल हो गई है सूचना पर गई पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल भिजवा दिया,एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया जबकि चालक भाग गया है उसकी तलाश की जा रही है।

### आंधी ने लेली राज मिस्त्री की जान सहायक घायल



**कांठ( शाह टाइम्स )** गुरुवार की देर शाम को अचानक आई आंधी ने राजमिस्त्री की जान ले ली लेकिन उसके दो सहायक घायल हो गए बताया गया कि भीकनपुर के रहने वाले बबली रिजवान और आमिर राज मिस्त्री का काम करते थे यह लोग उमरी कला से काम करके वापस लौट रहे थे तभी अचानक आंधी आ गई और एक पेड़ टूटकर उनकी बाइक पर गिर गया जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां बबली को मृत घोषित कर दिया गया रिजवान का कहना था कि वह रोजाना ही इसी समय आना-जाना करते थे। लेकिन आज अचानक आंधी उनके लिए जानलेवा साबित हो गई मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक की माली हालत भी खराब है गांव के लोगों ने सरकारी सहायता मुहैया कराए जाने की मांग प्रशासन से की है।

### झगड़ रहे आधा दर्जन लोगों का चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आपस में झगडा कर रहे आधा दर्जन लोगों का पुलिस ने चालान किया है महेंद्र पुत्र टीकाराम नरेश पुत्र टीकाराम सुनील पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम गढ़ी और यही के अरुण



पुत्र परवीन परवीन पुत्र बलबीर और धर्म सिंह पुत्र मोहन आपस में झगड़ा कर रहे थे जिससे गांव में शांति भंग की आशंका पैदा हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिक.ाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' (द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



# अफजलपुर भायपुर, भदासना में ग्राम चौपाल का आयोजन: ग्रामीणों की समस्याओं पर हुआ विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत अफजलपुर भदासना में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं,कार्यक्रम में, वीडियो अशोक कुमार ग्राम विकास अधिकारी,नोडल अधिकारी अशोक कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर संतोष कुमार,एडीओ समाज कल्याण अनुज कसाना , लेखपाल मुकेश कुमार,बाल विकास अधिकारी ने आशा बहू की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और महिलाओं के घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ जैसी समस्याओं से निपटने की जानकारी दी,इस अवसर पर ग्राम प्रधान फारूक नेताजी की सक्रिय भूमिका की विशेष सराहना की गई। उनके प्रयासों से ही ग्राम चौपाल का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। ग्रामीणों ने प्रधान की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार तत्पर रहते हैं,पेयजल, सफाई, आवास और पेंशन जैसी योजनाओं को लागू कराने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है अफजलपुर चौपाल में ग्राम प्रधान फारूक नेताजी व योगेश प्रधान ने कहा कि गांव का समग्र विकास और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा,इस ग्राम चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। इससे लोगों में विश्वास और सहभागिता की भावना मजबूत हुई, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से रितिका, अमरीश यादव,भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार नीरज चंद्र परशुराम स्वामी प्रमोद यादव जी यादराम ग्राम प्रधान फारूक नेताजी योगेश प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।



# अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, पुलिस से शिकायत के बाद भी नहीं रुका अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव धींगरपुर और मुलावान बना अवैध खनन माफियाओं का गढ़, बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे मौत के ट्रैक्टर डिलारी क्षेत्र के ग्राम धींगरपुर और मुलावान में इन दिनों अवैध खनन का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिनदहाड़े मिट्टी और खनन सामग्री से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अधिकांश वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। ऐसे में यदि कोई हादसा हो जाए तो जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नंबर प्लेट के ये ट्रैक्टर इतनी तेज गति से निकलते हैं कि सामने आने वाले राहगीरों की जान पर बन आती है। सड़क पर चलते बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों में हर समय डर का माहौल बना रहता है। लोगों का कहना है कि यह तेज रफ्तार ट्रैक्टर किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। जब स्थानीय लोगों और पत्रकारों ने ट्रैक्टर चालकों से पूछा कि बिना नंबर प्लेट और बिना रोकटोक इतना खनन कैसे चल रहा है, तो चालकों ने साफ कहा कि "हमारे पास परमिशन है, प्रशासन से अनुमति ले रखी है।" अब सवाल यह उठता है कि आखिर कौन सा अधिकारी ऐसे वाहनों को अनुमति दे रहा है, जो कानून की बुनियादी शर्तें भी पूरी नहीं करते। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर, बिना सुरक्षा मानकों और बिना वैध दस्तावेजों के यदि वाहन चल रहे हैं, तो यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही भी मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार जब पत्रकारों ने खनन से जुड़े लोगों से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि हर ट्रैक्टर का रोजाना एक तय मामला देना पड़ता है। यह रकम किसे दी जाती है, यह क्षेत्र में चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह अवैध खनन के पीछे बड़े नेटवर्क और संरक्षण की ओर इशारा करता है। सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि जब कोई पत्रकार या सामाजिक कार्यकर्ता इन गति.विधियों की वीडियो या फोटो बनाता है, तो उसे धमकाया जाता है। आरोप है कि कई बार कहा जाता है, "तेरे ऊपर ही ट्रैक्टर चढ़ा देंगे, नहीं तो यहां से चला जा। यदि यह सच है तो यह केवल अवैध खनन नहीं बल्कि कानून व्यवस्था को खुली चुनौती है। पत्रकारों को धमकाना लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना जाएगा। थाना डिलारी क्षेत्र के कई गांव प्रभावित स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या केवल धींगरपुर और मुलावान तक सीमित नहीं है। कई जगह थाना डिलारी क्षेत्र में इसी प्रकार अवैध खनन चल रहा है, जिससे आए दिन विवाद, मारपीट और तनाव की स्थिति बनी रहती है।



जिला प्रशासन, खनन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट चल रहे ट्रैक्टरों पर तत्काल कार्रवाई हो। अवैध खनन स्थलों पर छापेमारी की जाए जिन अधिकारियों की मिलीभगत हो, उनकी जांच हो। धींगरपुर और मुलावान व अन्य गांव में खुलेआम चल रहा यह अवैध खनन प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि किसी बड़े हादसे और कानून व्यवस्था संकट का कारण भी बन सकता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर कब तक मौन रहते हैं।

### स्मार्ट मीटर से असुविधा की शिकायत, पोस्टपेड करने की मांग पर विभाग ने जताई असमर्थता



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** करुला पीर का बाजार स्थित आबिद मार्केट निवासी मौ. अली शान पुत्र मौ. इद्रीश अहमद ने परिसर में लगे स्मार्ट मीटर से हो रही असुविधा को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड में बदलने की मांग की। शिकायत की जांच सहायक अभियंता श्री कृष्णजीत भालियान (9412749307) ने की। कार्रवाई रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में भारत सरकार की त्वै योजना के तहत ड/ इंटेली स्मार्ट कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराना नॉन स्मार्ट मीटर लगाने या प्रीपेड से पोस्टपेड करने का निर्णय उच्च स्तर से ही लिया जा सकता है। भविष्य में उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देश आने पर ही यह संभव होगा।

### जनपद में धान के 100 कुंतल बीज का होगा वितरण पंजीकरण शुरू

**कांठ( शाह टाइम्स )** शासन ने धान बीज वितरण के लक्ष्य तय कर दिए हैं। जिले में 100 कुंतल धान की बीज का नि:शुल्क वितरण होगा। जिसकी बुकिंग ऑनलाइन शुरू हो गई है। मुरादाबाद जनपद में साढ़े तीन लाख छोटे बड़े किसान है। जिसमें ढाई लाख से अधिक किसान धान की खेती करेंगे। पिछले साल 91000 हेक्टेयर भूमि पर धान की गई खेती की गई थी। चालू वर्ष के लिए लक्ष्य का निर्धारण अभी नहीं हुआ है। शासन स्तर से लक्ष्य तय होंगे। कृषि विभाग की ओर से फ्री और अनुदान पर बीज वितरण का लक्ष्य तय कर दिया गया है। 100 कुंतल धान का फ्री बीज बंटेगा बुकिंग के बाद ई-लॉटरी से बीज का वितरण होगा। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र पाल सिंह का कहना है कि कृषि विभाग की ओर से खरीफ सत्र 2026-27 में अनुदान पर वितरित किये जाने वाले बीजों का वितरण ऑनलाईन बु.कंग के बाद ई-लॉटरी से किया जायेगा। किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन बुकिंग कर सकते हैं। किसानों को धान के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जबकि, मिलेट्स और मोटे अनाज पर सरकार का जोर है। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी का कहना है कि 10 मई तक बीज की बुकिंग की जा सकेगी।

### श्रमिक दिवस पर साक्षी सेवा समिति ने किया श्रमिकों का सम्मान

**चन्दौसी।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर साक्षी सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में शुक्रवार को श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी परिवार ने श्रमिकों को पटका पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एड0 रंजना शर्मा ने की जबकि संचालन एड दीपक राठौर ने किया। इस अवसर पर एड रंजना शर्मा ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक श्रम के बिना किसी भी देश, नगर या गांव का विकास संभव नहीं है। श्रमिकों का योगदान अमूल्य है और उनके कार्यों के बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि श्रमिक ही समाज की नींव होते हैं, जो अपने परिश्रम से विकास की इमारत खड़ी करते हैं।

इसी भावना के तहत समिति द्वारा श्रमिकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में एड दीपक राठौर, एड सफिया कादिर, एड शिप्रा शर्मा, एड ललित मोहन सैनी, एड जितेन्द्र निक्की, एड प्रिया चौहान, एड प्रियंका, एड पावेंद्र मौर्य, पीएलबी वीरू मौर्य, राकेश सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगाघाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**चन्दौसी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को गंगाघाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजघाट, नरौरा सहित विभिन्न गंगा तटों पर श्रद्धालुओं ने प्रात:काल से ही स्नान कर भगवान बुद्ध एवं मां गंगा का स्मरण करते हुए पुण्य अर्जित किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है, इसी आस्था के चलते दूर-दूर से लोग गंगा तटों पर पहुंचे। चन्दौसी नगर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए रवाना हुए। सुबह तड़के ही रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। कई श्रद्धालु रेलगाडिय्यों के माध्यम से राजघाट, नरौरा, हरिद्वार के लिए निकले, वहीं बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों कार, बस और दोपहिया वाहनों से भी गंगा तटों की ओर प्रस्थान करते नजर आए। परिवारों और समूहों में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। गंगाघाटों पर स्नान के साथ ही पूजा-अर्चना, दान-पुण्य और दीपदान का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने संत-महात्माओं के प्रवचन सुने और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।



प्रशासन की ओर से प्रमुख घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा तटों की रौनक देखते ही बन रही थी। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के इस संगम ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व मजदूर दिवस' के अवसर पर आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी.नियरिंग की ओर से "विश्व मजदूर दिवस'' के अवसर पर एक 'प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में मजदूरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा हर इमारत, सड़क और उद्योग के पीछे मजदूरों की कड़ी मेहनत छिपी होती है। साथ ही उन्होंने सभी से अपील की मजदूरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति का भाव रखें। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें बी. एससी., एग्रीकल्चर, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मनीष कुमार प्रथम, मोनू सैनी द्वितीय तथा बी. एससी, एग्रीकल्चर, द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद शबा.बुल तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के शिक्षक डॉ. यशपाल सिंह तथा डॉ. अक्षिता बिष्ट निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि मजदूर सिर्फ काम करने वाले लोग नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज के निर्माणकर्ता हैं। हमें उनके प्रति सम्मान, सहानुभूति और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव या शोषण न हो। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से युवा छात्र-छात्राओं के नवाचार, संवाद कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करते हैं, जो कि उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि श्रमिकों को उनका हक दिलाने, उनके योगदान को सम्मान देने और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन मेहनतकश लोगों को समर्पित है, जो अपने पसीने और परिश्रम से हमारे समाज और देश को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए मजदूर हमारे समाज की रीढ़ हैं तथा उनका योगदान अनमोल है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर मजदूर न हों, तो हमारे जीवन की कई आवश्यक चीजें अधूरी रह जाएंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक व कृषि एवं अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेशपाल, सह संयाजक डॉ. विशाल गंगवार समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं स्कूल के अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

# सम्पादकीय

## बांग्लादेश का विरोध

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा के एक बयान को लेकर गुरुवार को ढाका में भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाघे को विदेश मंत्रालय ने तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराने की बात सामने आई है। यूं तो मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा अपने कई विवादित बयानों को लेकर जाने जाते हैं, लेकिन ताजा मामले में 26 अप्रैल को हेमंत बिसवा ने कहा था कि असम में पकड़े गए 20 विदेशी नागरिकों को पुशबैक कर बांग्लादेश भेज दिया गया है। तभी से उनके इस बयान पर विवाद शुरू हो गया और बांग्लादेश ने ऐतराज जताना शुरू कर दिया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने उनकी इस टिप्पणी को काउंटर प्रोडक्टिव बताया और साफ कहा कि इससे दोनों देशों के बीच विश्वास पर असर पड़ सकता है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप से बेहद मजबूर रहेंगे। इन रिश्तों की नींव 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पड़ी थी। जब भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी। यह आजादी हमारे जवानों ने अपनी जान की बाजी खेलकर पाकिस्तान से दिलाई थी, लेकिन देखने में आ रहा है कि पिछले कुछ समय से बांग्लादेश के साथ रिश्ते हमारे ठीक दिशा की ओर नहीं जा रहे हैं। विशेषकर घुसपैठियों को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव देखने में आता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि कोई भी देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा, भारत भी नहीं। अगर भारत सरकार यह चाहती है कि कोई विदेशी घुसपैठिया भारत में प्रवेश न करे, तो उसका हर कोई समर्थन करेगा और इस पर किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि बांग्लादेश हमारा पड़ोसी देश व परम मित्र है, तो ऐसे में घुसपैठिए को लेकर टिप्पणी में संयम बरतना भी चाहिए। वह टिप्पणी इस अंदाज में नहीं होनी चाहिए जिससे किसी देश के मान-सम्मान को चोट पहुंचती हो। दुर्भाग्य से ऐसा कई बार देखने में आया कि जब सरकार में जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति ने घुसपैठिए को लेकर कठोर टिप्पणी कर डाली। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा सरमा तो दिन-रात बांग्लादेश घुसपैठियों का राग अलापते ही रहते हैं। जाहिर है ऐसे में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील बन जाता है। जिस तरह आज दुनिया का हाल हमारे सामने है, उसको देखते हुए भारत को विदेशी संबंधों के मामले में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केवल राजनीतिक एजेंडा पूरा करना ही काफी नहीं होता, बल्कि दूरगामी परिणाम भी देखने होते हैं। जैसाकि इस समय देखने में भी आ रहा है कि ढाका में हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद दोनों देशों के संबंध बेहद नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## डेंगू और मलेरिया को लेकर रहना होगा सतर्क

**डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है।**





रोहिताश सिंह वर्मा

डेंगू और मलेरिया दोनों ही रोग मच्छर जनित हैं। फर्क इतना है कि मलेरिया का मच्छर रात में काटता है, जबकि डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता है, इसलिए दोनों रोगों को लेकर अभी से सतर्क रहना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सरकारी परामर्शों के अनुसार बीमारियों से बचने के लिए तुरंत अहतियाती उपाय शुरू कर देने चाहिए। कूलर, गमले, टायर और खुले बर्तनों में एक सप्ताह से अधिक पानी जमा न रहने दें, दिन में सोते समय भी मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बाजू के कपड़े और फुल पैंट पहनें। विशेषकर बच्चों के लिए घर में सुबह और शाम को मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का प्रयोग करें। घर के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करें। तेज बुखार, कमजोरी, या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह लें। यह याद रखना चाहिए कि सावधानी हटी, बीमारी बढ़ी।


इसलिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है। यही वह अवस्था है, जो एक रोगी को शारीरिक और मानसिक बीमार कर देती है। इसलिए इसका समय रहते इलाज जरूरी है। मेडिकल शिक्षा के अनुसार जुलाई से अक्टूबर तक बारिश के कारण चारों तरफ पानी जमा हो जाता है, जो डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के पनपने के लिए सबसे अनुकूल माहौल होता है, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में रहना पसंद करता है। सितंबर और अक्टूबर में डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा उछाल देखा जाता है। नवंबर में भी कभी-कभी शुरुआती सर्दियों के महीनों में भी डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं, क्योंकि उस समय भी मच्छर पनपते रहते हैं। मलेरिया फैलाने वाले मादा एनाफिलीज मच्छर के लारवा मुख्य रूप से बरसात के मौसम (जुलाई से सितंबर-अक्टूबर) के दौरान सबसे तेजी से वृद्धि करते हैं।

इस दौरान मच्छर के प्रजनन और लारवा के पनपने के लिए सबसे अनुकूल स्थितियां होती हैं। गर्मी में भी मार्च से लेकर मई में भी जब लोग पानी जमा करके रखते हैं, तब भी कूलर और पानी की टंकियों में मच्छर तेजी से पनप सकते हैं। अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में 4 से 14 दिन लगते हैं। नेशनल सेंटर फार वेक्टर-बॉर्न डिजीज कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया कई क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी इस बीमारी से प्रभावित क्षेत्रों में रहती है। मलेरिया तब होता है जब संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर प्लास्मोडियम परजीवी को रक्तप्रवाह में इंजेक्ट करता है। परजीवी परिपक्व होने के लिए यकृत(लीवर) में चले जाते हैं, फिर लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी)को संक्रमित करने के लिए रक्तप्रवाह में वापस आ जाते हैं, जिससे मलेरिया के लक्षण पैदा होते हैं। संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 10 से 15 दिन बाद मलेरिया के लक्षण आम तौर पर दिखाई देते हैं। सामान्य लक्षणों में तेज बुखार के चक्रीय एपिसोड जिसके बाद ठंड लगना और पसीना आना, गंभीर सिरदर्द होना आम बात है, कुछ लोगों को मतली और उल्टी जैसे जठरांत्र संबंधी लक्षण अनुभव होते हैं, सामान्य मांसपेशियों में दर्द और अत्यधिक थकान, परजीवियों द्वारा लाल रक्त कोशिक. ाओं को नष्ट करने के परिणामस्वरूप एनीमिया, लीवर की वजह से गंभीर मामलों में त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, संक्रमित लाल रक्त कोशिकाओं को निकालने की को. शिश करने पर तिल्ली बढ़ सकती है, गंभीर मामलों में विशेष रूप से प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के साथ सेरेब्रल मलेरिया (मस्तिष्क को प्रभावित करना), श्वसन संकट, अंग विफलता और मृत्यु जैसी जटिलताएं हो सकती हैं।

डेंगू के प्रमुख लक्षण: अचानक बहुत तेज बुखार (102-103) आना। आंखों के पीछे बहुत तेज दर्द होना। जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द (जिसे हड्डी तोड़ बुखार) भी कहा जाता है। इसके अलावा जी मिचलाना, उल्टी और त्वचा पर लाल चकत्ते आना। एडीज एजिप्टी नाम का मच्छर डेंगू को फैलाता है। यह मच्छर किसी डेंगू से बीमार व्यक्ति को काटता है और उसका खून पीने के साथ ही डेंगू वायरस भी अपने शरीर में ले लेता है, लेकिन यह वायरस तुरंत किसी और को संक्रमित नहीं कर सकता। इस वायरस को पूरी तरह से एक्टिव होने में 8 से 12 दिन लगते हैं। तब तक यह वायरस उस मच्छर के पेट में ही रहता है। इस समय के बीत जाने के बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो अपने साथ लाया हुआ खतरनाक डेंगू वायरस उस व्यक्ति के खून में छोड़ देता है। यही वायरस उस व्यक्ति को बीमार बना देता है, जिसे हम डेंगू बुखार कहते हैं। डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स की संख्या में उतार-चढ़ाव आता है। सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति का प्लेटलेट्स 1.5 से 4 लाख यूनिट के बीच होना चाहिए। यदि प्लेटलेट्स 1 लाख से कम हो जाते हैं, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत देता है।

## श्रीमुख से...

### श्रम संहिता से कामगारों की स्थिति कमजोर हुई



बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है, उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है, इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा हायर एंड फायर जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है, इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए, मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है, सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं, महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003

E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

## जनता की भी तो सुनो बालेन सरकार...





यशोदा श्रीवास्तव

इसमें दो राय नहीं कि नेपाल की बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। वेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ जीत मिली है जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है। जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। बता दें कि काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय पर नेपाली कांग्रेस की ओर से आई प्रतिक्रिया में कहा गया है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारे सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे,बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है। काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुम्बासी बस्ती पर सरकारी बुलडोजर चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है। नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकम्बासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं।बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

## शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल

आजकल के बच्चे हरी सब्जियां खाना बिलकुल पसंद नहीं करते हैं। हरी सब्जियों को घास-फूस समझते हैं, लेकिन यह लोग नहीं जानते कि इनमें प्रोटीन का खजाना छिपा है, जो शरीर को ताकत देती है। ऐसे ही सहजन पेड़ के पत्ते होते हैं। इन्हें मोरिंगा के पत्ते भी कहा जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक इनके अंदर दूध, दही, पनीर से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। वहीं, इनमें कैल्शियम की कमी पूरी की जा सकती है। चलिए आपको इसके फायदे के बारे में बताते हैं।

**हस्ट-पुष्ट होगी बॉडी**

मोरिंगा के पत्तों में दूध, दही और अंडे से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। मोरिंगा के पत्तों को पाउडर बनाकर इसका सेवन किया जा सकता है। इसे आप सलाद, अंडे, पास्ता के ऊपर छिड़कर खा सकते हैं। इसे सूप, डिप्स बनाकर खा सकते हैं। इसे जूस, नारियल पानी, स्मूदी, आइसक्रीम में मिलाकर खा सकते हैं।

**10 गुना प्रोटीन और 20 गुना कैल्शियम का सोर्स मोरिंगा**

शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन डाइट का विकल्प बहुत ही कम मिलता है। शाकाहारी लोगों के लिए दूध प्रोटीन का मुख्य सोर्स होता है। यूएसडीए के मुताबिक 100 ग्राम दूध 3.28 ग्राम प्रोटीन देता है। हालांकि,




यूएसडीए के मुताबित 100 ग्राम मोरिंगा पाउडर से 33 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन मिलता है। बता दें कि, इतना पोषण तो अंडा में भी नहीं मिलता। हड्डियों को मजबूत करने में मोरिंगा पाउडर अधिक बलशाली है। जहां दूध से करीब 123 उह कैल्शियम मिलता है, वहीं इतनी ही मात्रा में मोरिंगा पाउडर 2667 mg कैल्शियम देता है।

**आंखों के लिए फायदेमंद**

मोरिंगा पाउडर आपकी आंखों और इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकता है, क्योंकि इसमें विटामिन यह की भरमार होती है। जो आपकी नजर और इम्यूनिटी को तेज करने में मदद करता है।

**शुगर लेवल को कंट्रोल करता है**

डायबिटीज रोगियों के लिए यह चूर्ण रामबाण इलाज बन सकता है। यह ब्लड शुगर कम करने वाले गुणों की वजह से डॉक्टर इसका ज्यादा सेवन करने से मना करते हैं। क्योंकि यह ब्लड ग्लूकोज को बहुत ज्यादा भी गिरा सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल से राहत दिलाता**

गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मोरिंगा लीव्स काफी फायदेमंद है। नसों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल पर प्रेशर बढ़ जाता है। यह दिल का दौरा का कारण भी बन सकता है।

### हर मौसम के लिए नहीं है कॉफी, गर्मी में हो सकता है नुकसान

गर्मियों में थोड़ी देर के लिए भी घर से बाहर जाने से शरीर की एनर्जी कम होने लगती है। भीषण गर्मी और धूप से बचाव करने के लिए हमें अपनी डाइट का सही ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। साथ ही ऐसे खाने से दूरी बनानी चाहिए, जो गर्मियों में आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाए। ऐसा ही एक फूड आइटम कॉफी है। हर व्यक्ति रोजाना दिन में एक-दो कप कॉफी पी लेता है। वहीं भीषण गर्मी में भी लोग ऑफिस आदि में कॉफी पीते हैं। भले ही एक कप कॉफी काम में एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती हो, लेकिन इसमें मौजूद कैफीन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। क्योंकि गर्मियों में हमारे शरीर का तापमान बढ़ा होता है, ऐसे में आपको अपने शरीर को ठंडक पहुंचाने की जरूरत होती है। लेकिन कॉफी शरीर को ठंडा करने में मदद नहीं करती है। कॉफी में कैफीन की मात्रा पाई जाती है। वहीं अगर आप कॉफी का अधिक सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर का टेंपरेचर बढ़ सकता है और पसीने की मात्रा बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। गर्मियों में डिहाइड्रेशन होना एक आम परेशानी है, ऐसे में आप कॉफी की जगह पानी पीते रहें। इससे आपका शरीर भी ठंडा रहेगा। कॉफी में मौजूद कैफीन आपके शरीर के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर सकती है। जो गर्मी में आपके लिए असहनीय हो सकता है। शरीर का तापमान बढ़ने से पसीना अधिक आ सकता है।

## अल-कायदा ने भी पाक के खिलाफ छेड़ी लड़ाई

### ईरान व अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा है। दरअसल खुफिया रिपोर्ट में पता चला है कि खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा, पाकिस्तान में अशांति भड़काना चाहता है और उसने इसकी कोशिशें भी शुरू कर दी हैं।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अल-कायदा को लेकर यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब पहले से ही पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अल कायदा, अफगान तालिबान के समर्थन में ही पाकिस्तान के खिलाफ हुआ है। खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अल-कायदा की मीडिया इकाई ने पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। अल कायदा का मानना है कि पाकिस्तान सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। अल-कायदा ने पाकिस्तान सेना और अफगानिस्तान में उसकी



■ पाक सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं: अल कायदा

भूमिका की आलोचना करते हुए अपने समर्थकों से पाकिस्तान में शासन के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया है। एक खुफिया ब्यूरो अधिकारी के मुताबिक, यह घटनाक्रम अपेक्षित था। पाकिस्तान न केवल अफगानिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, बल्कि वह अल-कायदा के प्रतिद्वंद्वी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को भी बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएसकेपी ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मोर्चा संभाला है। हालांकि पहले आईएसकेपी पाकिस्तान के खिलाफ बोलता रहा है, लेकिन अब वह उसका सहयोगी बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईएसकेपी का मुख्य लक्ष्य तालिबान के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करना है। तालिबान के कमजोर होने से आईएसकेपी को अफगानिस्तान में विस्तार का मौका मिल सकता है। हालांकि अब तक अफगान तालिबान ने आईएसकेपी को काफी हद तक नियंत्रित रखा है। वर्तमान हालात में अल-कायदा को लगता है कि वह पाकिस्तान में जनभावनाओं का फायदा उठाकर आंतरिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। पाकिस्तान में बड़ी संख्या में लोग सरकार और खासकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हैं, लेकिन सेना की सख्ती के कारण उनकी आवाज दबा दी गई है। अल-कायदा इन्हीं भावनाओं को भुनाने की कोशिश कर रहा है।

## ईरान में इंटरनेट बैन से ऑनलाइन अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर

**तेहरान।** ईरान की लगभग नौ करोड़ की आबादी पिछले दो महीनों से इंटरनेट पर भारी पाबंदियों का सामना कर रही है। यह 'ब्लैकआउट' दुनिया के सबसे लंबे और सख्त प्रतिबंधों में से एक बन गया है, जिसने देश की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर दिया है। इंटरनेट बंद होने का सबसे बुरा असर छोटे और मध्यम उद्योगों पर पड़ा है। फैशन, फिटनेस, विज्ञापन और खुदरा व्यापार जैसे क्षेत्रों से जुड़े कारोबारियों की आय पूरी तरह खत्म हो गई है। गौरतलब है कि ईरान की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था ने लंबे समय तक सरकारी पाबंदियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद खुद को संभाले रखा था लेकिन अब यह चरमरा गई है। अमेरिका और इजरायल के साथ हुए अस्थिर और नाजुक समझौते के बावजूद, ईरान के शासकों ने इंटरनेट सेवा बहाल करने से इनकार कर दिया है।



बीकानेर। राजस्थान में गर्मी के दिनों में मिट्टी के बर्तनों को बिक्री के लिए सजाता विक्रता।

## आंग सान सू की को जेल से घर नजरबंद किया, सजा में भी कटौती

**नेपीडा।** म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। सरकारी मीडिया ने आधिकारिक बयानों के हवाले से बताया कि कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एर्दोगन और रूसी राजदूत ने तुर्की-रूस सहयोग पर चर्चा की

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को रूसी राजदूत सर्गेई वर्शिनिन से मुलाकात की और रूस और तुर्की के बीच सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी तुर्की में रूसी दूतावास ने गुरुवार को दी। दूतावास ने टेलीग्राम पर कहा कि एर्दोगन ने वर्शिनिन को तुर्की में रूसी राजदूत के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी और उनके काम में सफलता की कामना की। बातचीत के दौरान, रूस-तुर्की सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की गई और रूस तथा तुर्की के लोगों की समृद्धि और कल्याण के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को मजबूत करने के प्रति रूस और तुर्की की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

### एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती (वैसाख दिवस) के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष वैसाख का यह अवसर ऐसे समय में आया है जब दुनिया भू-राजनीतिक तनावों, विभाजन और संघर्षों से जूझ रही है।

### अमेरिका के स्कूल में हुए चाकू हमले में पांच लोग घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के टैकोमा शहर के एक स्कूल में चाकू से हुए हमले में चार स्कूली बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। यह जानकारी एबीसी प्रसारक ने स्थानीय पुलिस के हवाले से दी। घायलों की सूची में एक सुरक्षा गार्ड और हमलावर भी शामिल है, जिसे हिरासत लिया गया है। पुलिस के अनुसार, हमलावर उसी स्कूल में पढ़ता है लेकिन हमले के कारण का अभी पता नहीं चला है। जांच जारी है।

## होर्मुज में 90% घटी जहाजों की आवाजाही

### गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद दर्ज हुई

**लंदन/दुबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। समुद्री सुरक्षा अधिकारियों के आकलन के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से यातायात 90 फीसदी से अधिक घट गया है। यह गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद हुई है।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने 1 मार्च से 27 अप्रैल के बीच 40 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है। इनमें व्यापारिक जहाजों पर हमले, क्षति, उत्पीड़न और बाल-बाल बचने की घटनाएं शामिल हैं। निगरानी टीम ने बताया कि कम से कम 26 घटनाओं में व्यापारिक जहाजों पर सीधे हमले हुए। तनाव बढ़ने से पहले, 28 फरवरी को, प्रतिदिन करीब 130 जहाज इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे। अब यह संख्या प्रतिदिन 10 से भी कम जहाजों पर आ गई है।

इससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में से एक लगभग ठप हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा शिपिंग का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष के कारण इसमें बड़ी बाधाएं आई हैं। यूकेएमटीओ के अधिकारियों ने बताया कि इस स्थिति के कारण खाड़ी के अंदर 850 से 870 बड़े व्यापारिक जहाज फंसे हुए हैं।



■ शांति के प्रयासों को झटका यूएई बोला: होर्मुज के मुद्दे पर ईरान पर नहीं किया जा सकता है भरोसा

सुरक्षा जोखिमों के कारण वे सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यूकेएमटीओ के संचालन प्रमुख कमांडर जो ब्लैक ने कहा कि उनकी पहली चिंता नाविकों की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि करीब 20000 नाविक ऐसे जहाजों पर हैं जो कहीं नहीं जा रहे हैं। चालक दल में बदलाव नहीं हो रहा है और आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कमांडर जो ब्लैक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चिंताएं बढ़ेंगी। यूकेएमटीओ लाल सागर, खाड़ी क्षेत्र और उत्तरी हिंद महासागर में जहाजों के लिए एक प्रमुख समुद्री सुरक्षा सूचना केंद्र के रूप में कार्य करता है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में लंबे समय तक व्यवधान वैश्विक व्यापार मार्गों को प्रभावित कर सकता है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी जंग को सुलझाने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है। कई बार शांति वार्ता और बैठकें भी हुई हैं, जिनका कोई खास असर नहीं देखने को मिला है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह बयान ईरान युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में गहरे अविश्वास का संकेत है। संघर्ष के दो महीने बाद भी यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग ईरानी नाकाबंदी के कारण बंद है। अमेरिकी नौसेना ईरानी कच्चे तेल के निर्यात को रोक रही है। इस नाकाबंदी ने दुनिया की 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति बाधित की है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और आर्थिक मंदी की चिंताएं बढ़ी हैं। बता दें कि, 8 अप्रैल से अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन नए सैन्य हमलों की खबरों से तेल की कीमतें बढ़ीं। ईरान ने हवाई सुरक्षा सक्रिय की है और हमले की स्थिति में व्यापक प्रतिक्रिया की योजना बनाई है।

### ईरानी सीमाओं की घरोबंदी भौगोलिक रूप से असंभवः गालिबाफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी को भौगोलिक रूप से असंभव बताते हुए इसे चुनौती किया। उन्होंने कहा कि ईरान की सीमाओं का विशाल आकार किसी भी देश के लिए उसे पूरी तरह बंद करना असंभव है। कालीबाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ईरान के भूगोल की तुलना करते हुए सुझाव दिया कि यदि अमेरिका में दो लंबी दीवारें बनाई जाएं, एक न्यूयॉर्क शहर से पश्चिमी तट तक और दूसरी लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक, तो भी उनकी कुल लंबाई ईरान की सीमाओं के बराबर नहीं होगी। उन्होंने लिखा कि यदि आप न्यूयॉर्क से पश्चिमी तट तक और लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक दो दीवारें बनाते हैं, तो उनकी कुल लंबाई 7755 किलोमीटर होगी, जो ईरान की कुल सीमाओं से लगभग 1000 किलोमीटर कम है। इतनी बड़ी सीमाओं वाले देश की घेराबंदी करने के लिए आपको शुभकामनाएं। कालीबाफ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के लिए एक विशेष नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने दूरी मापने की इकाई समझाते हुए कहा, पीएस पीट हेगसेथ के लिए-1 किलोमीटर =0.62 मील। ईरान की धरती और समुद्री सीमाएं 8,700 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं।

## अमेरिकी संसद चीन निर्मित एआई मॉडलों की कर रही जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर-गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं। आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी

■ चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही

खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में 'एनीस्फीयर' और 'एयरबीएनबी' जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

## बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू करने की अपील की

**स्ट्रासबर्ग/ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। सांसदों का कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा या बल प्रयोग को ही आधार न माना जाए, बल्कि 'सहमति' के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए। संसद में भारी बहुमत से पास हुई इस रिपोर्ट में मांग की गई है कि सभी सदस्य देश अपने पुराने कानूनों को बदलें।

सांसदों ने साफ कर दिया है कि सहमति का मतलब केवल 'हां' होना चाहिए। अगर कोई महिला चुप है, विरोध नहीं कर पा रही है या उसने साफ तौर पर 'ना' नहीं कहा है, तो इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उसकी सहमति थी। यहां तक कि पुराने रिश्तों या पहले दी

■ पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले: संसद

गई किसी सहमति को भी मौजूदा मामले में आधार नहीं बनाया जा सकता। सांसदों का तर्क है कि कई बार डर, नशे, बेहोशी या किसी मजबूरी की वजह से पीड़ित विरोध करने की स्थिति में नहीं होता। कभी-कभी सदमे की वजह से शरीर सुन्न पड़ जाता है, जिसे कानून और अदालतों को समझना होगा। संसद चाहती है कि पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले। इसके लिए हर वक्त खुले रहने वाले सहायता बनाने की बात भी कही गई है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिस, जज और वकीलों को खास ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे पीड़ितों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं।

## अफगानिस्तान सीमा के पास 13 दहशतगर्द ढेर

### पाकिस्तानी सेना ने खैबर पख्तूनख्वा में की कार्रवाई

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कम से कम 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने शुक्रवार को दी। अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने बताया कि फिटना-अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकवादी 28 और 29 अप्रैल को मोहम्मंद और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में मारे गए। फितना अल-ख्वारिज एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को संदर्भित करने के लिए करती है। मोहम्मंद जिले में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के रास्ते घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे ख्वारिजों के एक समूह की गतिविधियों का पता लगाया। बयान में कहा गया है कि सैनिकों ने समूह के साथ प्रभावी ढंग से मुठभेड़ की और आठ ख्वारिज



मारे गए। एक अन्य मुठभेड़ में, सैनिकों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास ख्वारिजों के एक समूह द्वारा घुसपैठ के एक और प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया और भीषण गोलीबारी के बाद पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया। दरअसल, क्षेत्र में मौजूद किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्रीय कार्य योजना पर संघीय सर्वोच्च समिति की ओर से अनुमोदित अज्म-ए-इस्तेहकाम की दृष्टि के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान पूरी गति से जारी रहेगा। बयान में आगे कहा गया है, अफगान तालिबान शासन को अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए। इसके साथ ही ख्वारिज की ओर से अफगान भूमि के उपयोग और पाकिस्तान के अंदर आतंकवाद में अपने नागरिकों की संलिप्तता को रोकना चाहिए। रिकॉर्ड संख्या में आतंकवादियों की मौत के बावजूद पाकिस्तान में 2025 में आतंकवादी हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई, जिसमें आतंकवादी हमलों में 34 प्रतिशत और आतंकवाद से संबंधित मौतों में साल दर साल 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह जानकारी इस्लामाबाद स्थित पाक इंस्टीटयूट फार पीस स्टडीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट में दी गई है। पिछले एक साल में विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है।

## बालेन्द्र शाह ने दी देशवासियों को बुद्ध जयंती की बंधाई

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर विश्व शांति की कामना करते हुए कहा है कि सच्ची क्रांति 'क' से नहीं, बल्कि 'ज्ञ' यानी 'ज्ञान' से शुरू होती है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में भगवान बुद्ध के उपदेशों को उद्धृत करते हुए लिखा कि बुद्ध ने कहा था कि दुख है, दुख का कारण है, दुख का निवारण है और दुख निवारण का मार्ग भी है। उन्होंने कहा कि बुद्ध द्वारा दिखाया गया रास्ता वास्तव में दुख के निवारण का मार्ग है। नेपाली प्रधानमंत्री ने ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अंधेरा केवल प्रकाश का अभाव है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

Since 2010

M.B.B.S. ABROAD

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)


www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

## एपस्टीन ने मरने से पहले लिखा था सुसाइड नोट

### 7 साल से अदालत में सील, जांच एजेंसियों को भी नहीं मिला ये अहम सबूत

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मरने से पहले उसके सुसाइड नोट लिखने का दावा किया गया है। यह कथित सुसाइड नोट पिछले करीब 7 साल से न्यूयार्क की अदालत में सील है। इस वजह से इसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक एपस्टीन की मौत की जांच कर रही एजेंसियों को भी यह अहम सबूत नहीं मिला। अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट जुलाई 2019 में एपस्टीन के साथी कैदी निकोलस टारटाग्लियोने को मिला था। उस समय एपस्टीन जेल में बेहोश हालत में मिला था और उसकी गर्दन पर कपड़ा बंधा हुआ था। उस घटना में उनकी जान बच गई थी।



■ अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था

लेकिन कुछ हफ्तों बाद जेल में उनकी मौत हो गई, जिसे मेडिकल अधिकारियों ने आत्महत्या बताया। टारटाग्लियोने के मुताबिक, इस नोट में लिखा था कि जांच एजेंसियों ने महीनों तक एपस्टीन की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। नोट में यह भी लिखा था, आप मुझसे क्या चाहते हैं, क्या मैं रोऊं? अब अलविदा कहने का समय है। हालांकि, अमेरिकी जस्टिस डिपोर्टमेंट का कहना है कि उनके पास यह नोट नहीं है, इसलिए वे इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट बाद में टारटाग्लियोने के अपने आपराधिक केस का हिस्सा बन गया और एक फेडरल जज ने इसे सील कर दिया। इसी वजह से एपस्टीन की मौत की जांच करने वालों को यह अहम सबूत नहीं मिल पाया। न्यूयार्क टाइम्स ने हाल ही में अदालत से इस नोट को सार्वजनिक करने की मांग की है। इसी बीच, रिकॉर्ड में मौजूद दो पेज की टाइमलाइन बताती है कि टारटाग्लियोने के वकीलों ने इस नोट को असली बताया, लेकिन कैसे, यह साफ नहीं है। जस्टिस डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ने कहा कि एपस्टीन केस से जुड़े सभी दस्तावेज जुटाने के लिए एजेंसी ने काफी कोशिश की, जिसमें जेल ब्यूरो और इंस्पेक्टर जनरल आफिस के रिकॉर्ड भी शामिल थे।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108